श्री जैन सिद्धान्त भास्कर

जैन पुरातत्व संबन्धी वार्षिक शोधपत्र

वी॰ नि॰स॰—2524-25 वि॰ स॰—2054-55	1997 एव 1998	भाग—50-51 अक—1-2

प्राच्य दुर्लभ पाण्डुलिपि विशेषांक २

(श्री जै॰ सि॰ भ॰, आरा मे सुरक्षित सस्कृत, प्राकृत, अपभ्रंश, हिन्दी की हस्तलिखित पाण्डुलिपियों की विवरणात्मक सूची सख्या-998 से 2017 तक। सम्पादक—डॉ० ऋषभचन्द फौजदार)

प्रकाशक

अजय कुमार जैन, मत्री

श्री देव कुमार जैन ओरियण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट

श्री जैन सिद्धान्त भवन, आरा (बिहार)

शुल्क भारत में—200/- विदेश में—300

THE JAINA ANTIQUARY

YEARLY JAINOLOGICAL RESEARCH
JOURNAL

V N.S -2524-25	1997 & 1998	Vol —50—51
V.S 2054-55	Joint Special Issue	No —1-2

MANUSCRIPTS SPECIAL ISSUE - II

(DISCRIPTIVE CATALOGUE OF OLD RARE SANSKRIT, PRAKRIT, APABHARANS, HINDI MANUSCRIPTS PRESERVED IN SRI JAIN SIDDHANT BHAWAN, ARRAH, No 998-2017, *Edited by* **Dr. Rishabhchand Fauzdar**)

Published by
Ajay Kumar Jain, Secretary

Shri Devkumar Jain Oriental Research Institute
SHRI JAIN SIDDHANT BHAWAN
ARRAH BIHAR (INDIA)

Inland Rs. 200/-] [Foreign Rs 300/-

INDEX
(विषय - सूची)

पृष्ठ सख्या

1. मानद प्रबध निदेशक का प्रतिवेदन लें॰ सुबोध कुम्मार जंन
2. प्रधान सम्पादकीय लें॰ डा॰ राजाराम जैन 1 से 10
3. Foreword Naseem Akhter
(Manuscript, Special Issue, vol-II)
4 प्रकाशकीय नम्र निवेदन ले॰ अजय कुमार जैन
5 Abbreviation
6 समर्पण ले॰ सुबोध कुमार जैन
7 Introduction Dr. Gokul Chand Jain I से IX
(Manuscript vol-I)
8 सम्पादकीय डा॰ ऋषम चन्द जैन 'फौजदार'
(श्री जैन सिद्धान्त भवन ग्रन्थावली-भाग-2) XI से XIV
9 Introduction to Dr Gokul Chand Jain
SECOND VOLUME
10 Catalogue of Sanskrit, Prakrit, Apabharamasa
& Hindi, Manuscripts
(i) Purana, Carita, Katha 1 से 13
(ii) Dharma, Darsana, Acara 14 से 39
(iii) Rasa-chand Alankara & Kavya 40 से 49
(iv) Mantra, Karmakanda 50 से 59
(v) Ayurveda 60 से 61
(vi) Stotra 62 से 113
(vii) Puja-Patha-vidhana 114 से 173

11. परिशिष्ट

(i)	पुराण, चरित कथा		1 से 55
(ii)	धर्म, दर्शन, आचार		56 से 69
(iii)	रस, छन्द, अलकार इत्यादि		70 से 79
(iv)	रस, छन्द, अलकार एवं काव्य		80 से 91
(v)	मंत्र, कर्मकाण्ड		92 से 107
(vi)	आयुर्वेद		108 से 115
(vii)	श्रोत		116 से 203
(viii)	पूजा-पाठ-विधान		204 से 309
12	भवन का 95 वां वार्षिक प्रतिवेदन	ले० अजय कु० जैन	310 से 313
13	मुडविद्री जैन मठ के भट्टारक दिवगत स्वामी जी	ले० निरज जैन (सतना)	314 से 315
14.	श्री मुडविद्री क्षेत्र के पूज्य भट्टारक जी के देहावसन पर	ले० सुबोध कु० जैन	316
15	हमारे बडे भाई प्रबोध कुमार जी का देहावसन	ले० सुबोध कु० जैन	317 से 318
16	भाषा के स्वभाविक विकास का नाम है 'प्राकृत'	ले० मदनलाल खुराना	319
17.	कुन्द-कुन्द ज्ञानपीठ पुरस्कार (कुन्द-कुन्द ज्ञानपीठ इन्दौर द्वारा प्रवर्तित)	ले० डा० अनुपम जैन	320
18.	पाठको के उदगार (1 से 4)		321 से 322
19.	पुस्तक समीक्षा एव समालोचना		322 से 325
20	छपते-छपते	ले० सुबोध कु० जैन	326
21	Catalogue & Price list of Printed & Xerox publications 1998	Ajay K. Jain	1 से 11
22.	मुनि सिद्धान्त देव नेमिचन्द कृत 'द्रव्यसग्रह' का हिन्दी-छाया अनुवाद (29 से 58)	ले० सुबोध कु० जैन	टाईटिल पृष्ठ स० 2, 3

मानद प्रबंध-निदेशक का प्रतिवेदन

श्री जैन सिद्धान्त भवन का ग्रथावलि भाग-1 एव भाग-2 जो कि भारत सरकार के शिक्षा विभाग के सहयोग से प्रकाशित हुआ था, लगभग 2000 हस्तलिखित ग्रथो की सूची एव विस्तृत परिचय है और उनका 2 भागो मे निम्न विद्वानो को कुछ माह मैंने अपने देवाश्रम कार्यालय मे बिठाकर स्वय अपने निर्देशन मे इसे तैयार करवाया था।

दोनो ही ग्रथावलियो का सम्पादन सस्कृत प्राकृत के विद्वान डॉ० ऋषभ चन्द्र 'फौजदार" ने किया था।

श्री जैन सिद्धान्त भास्कर के ग्राहको को सन् 19?5 मे प्रथम भाग विशेषाक के रूप मे प्रेषित किया गया था। अब उसी ग्रन्थ का दूसरा भाग इस वर्ष उसी प्रकार विशेषाक के रूप मे सभी ग्राहको को प्रेषित किया जा रहा है।

अत मैं डॉ० ऋषभ चन्द फौजदार तथा उनके सहयोगी सभी विद्वानों को आज फिर धन्यवाद दे रहा हूं जब कि हम ग्रंथावलि के दूसरे भाग को श्री जैन सिद्धान्त भास्कर के ग्राहको को सन् 1997 एव सन् 1998 के रुप मे प्रेषित करने की तैयारी कर रहे हैं। इस विशेषाक मे कुल 514 पृष्ठ है।

श्री जैन सिद्धान्त भास्कर के प्रधान सम्पादक डॉ० राजा राम जी जैन ने विद्वतापूर्ण प्रधान सम्पादकीय लेख लिखा है, उसके लिए मैं उन्हे धन्यवाद दे रहा हूँ।

भवन मे लगभग 6000 हस्तलिखित ग्रथ हैं। अभी 4000 ग्रथों की विस्तृत सूची के लिए भारत सरकार का कोई ग्रान्ट प्राप्त नही हुआ है। फिर भी 1000 हस्तलिखित ग्रंथो का तीसरा भाग मैंने भवन की ओर से तैयार कराकर डॉ० ऋषभ चन्द फौजदार के सम्पादन के लिए प्रेषित किया है। इस समय डॉ० ऋषभ चन्द जैन वैशाली शोध सस्थान मे प्रोफेसर के पद पर कार्य कर रहे हैं। उनके सम्पादन का दायित्व पूरा होने पर मुद्रण का प्रोग्राम बनाऊँगा।

सूचनार्थ यह मतव्य मुद्रित कर रहा हूं।

सुबोध कुमार जैन
मानद प्रबन्ध निदेशक
श्री जैन सिद्धान्त भवन, आरा

गणतत्र दिवस
26 जनवरी 1998

प्रधान सम्पादकीय

पाण्डुलिपियाँ और उनका महत्व

प्रो० (डॉ०) राजाराम जैन

पाण्डुलिपियाँ किसी भी समाज एव देश की अमूल्य धरोहर मानी गई हैं क्योकि वे उनके पूर्वजो द्वारा अनुभूत ज्ञान गरिमा की प्रतीक तथा स्वाध्याय, पठन-पाठन, मनन एव चिन्तन की प्रवृत्ति, मानसिक एकाग्रता, आध्यात्मिक उत्थान, बौद्धिक-विकास, सास्कृतिक उन्नयन, कलात्मक अभिरुचि और साहित्यिक-प्रतिभा आदि की परिचायिका होती है।

यही नही, उनके आदि एव अन्त में उपलब्ध प्रशस्तियों एवं पुष्पिकाओ मे पूर्ववर्त्ती अथवा समकालीन इतिहास, सस्कृति, समाज एव साहित्य आदि के उल्लेखो के कारण देश एव समाज के विविध पक्षीय इतिहास के लेखन तथा राष्ट्रीय अखण्डता एव भावात्मक एकता को ठोस बनाने मे भी उनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

इनके अतिरिक्त भी, उनमे लेखन-सामग्री में प्रयुक्त विविध उपकरण, लिपि की विविध शैलियाँ, चित्रकला तथा उनकी कलात्मक अभिरुचि की अभिव्यक्ति तथा उसके विकास की दृष्टि से भी उनका विशेष महत्त्व है।

जैन-परम्परा में जिनवाणी को सुरक्षित रखने का मूल आधार होने के कारण पाण्डुलिपियो को पूज्यता तथा विशेष आदर का भाव मिलता रहा है। उन्हे अपनी पवित्र धरोहर मानकर जैनो ने न केवल अपने तीन दैनिक आराध्यो-देव, शास्त्र एव गुरु मे से शास्त्रो को भी समान रूप से पूज्य मानकर उनकी सुरक्षा के लिए प्रारम्भ से ही अनेक प्रयत्न किये हैं, अपितु जैनेतर अनेक दुर्लभ पाण्डुलिपियो को भी प्राणपण से सुरक्षित रखा है।

पाण्डुलिपि उसकी आवश्यकता और प्रादुर्भाव :—

प्राकृतिक विपदाओ तथा अन्य सांसारिक जटिल समस्याओ के कारण उत्पन्न मानसिक अस्थिरता और उनसे विस्मृति के उत्पन्न होने की आशका से, कण्ठ-परम्परा द्वारा प्राप्त ज्ञान को सुरक्षित रखने की आवश्यकता का जब अनुभव किया गया तब उसे जिन सहज उपलब्ध उपकरणो पर लिपिबद्ध किया गया, उसे 'पाण्डुलिपि" नाम से अभिहित किया गया। इस "पाण्डु-

लिपि" शब्द मे दो पदो का मेल है-पाण्डु एवं लिपि, जिसका अर्थ है-पाण्डुर-वर्ण वाले आधार अथवा उपकरण पर, किसी विशेष अथवा किसी तरल पदार्थ से अथवा किसी विशेष कठोर नुकीले उपकरण से, किन्ही मान्य सकेतो के द्वारा अपेक्षित ज्ञान को चित्रित अथवा उत्कीर्णित कर उसे सुरक्षित रखना। इस प्रकार भारत मे पाण्डुलिपियो का प्रादुर्भाव हुआ। गवेषको के अनुसार इसका काल अनुमानत ईसा पूर्व चतुर्थ सदी के आसपास माना जा सकता है।

पाण्डुलिपियो के उपकरण —

यहाँ यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि पाण्डु अथवा पाण्डुर वाला प्रारम्भिक आधार क्या रहा होगा ? इस विषय पर क्या-क्या गवेषणा हुई, उनकी जानकारी तो नही मिल सकी, किन्तु हमारी दृष्टि से पाडुलिपि तैयार करने का प्रारम्भिक भारतीय आधार पाषाण था।

तत्पश्चात विकास की यह परम्परा चलती रही है और (2) भोजपत्र (3) ताडपत्र (4) कागज (5) कपडा (6) काष्ठ पट्टिका (7) चमडा (8) ईट (9) सोना (10) चाँदी (11) ताबा (12) पीतल (13) कासा और (14) लोहा तथा उनके मिश्रण से निर्मित उपकरण आदि हमारे आगम शास्त्रो तथा ज्ञान-विज्ञान तथा इतिहास, सस्कृति एव सामाजिक-विचार को लिपिबद्ध करने के साधन बने।

उक्त सामग्री को देखकर यह भ्रम होना स्वाभाविक है कि पत्थरों तथा धातुओ पर लिखित सामग्री को पाण्डुलिपि कैसे माना जाय ? इसके समाधान मे केवल यही कहा जा सकता है कि तत्कालीन सहज उपलब्ध प्राकृतिक पाण्डुर-वर्ण अथवा उसके समकक्ष वर्ण वाली वस्तु पर अकित आधार-सामग्री को पाण्डुलिपि कहा गया। भले ही वह पत्थर को हो अथवा पेडो की छाल की। उस समय उसका पाण्डुलिपि के रूप में जो नामकरण हुआ, वह ऐसा रूढ होता चला गया कि उक्त सभी तो पाण्डुलिपि कहलाती ही रही, वर्तमान मे प्रेस मे छापने के लिए दी जाने वाली प्रेस-सामग्री भी पाण्डुलिपि कही जाने लगी।

जैन-परम्परा में लेखन-कार्य हेतु पूर्वोक्त आधारभूत सामग्रियों मे से चमडा, ईट, कासा एव लोहा छोडकर अल्पाधिक मात्रा मे प्राय उक्त समस्त सामग्रियो का उपयोग किया गया है। इन उपकरणो के उल्लेख प्राचीन जैन-ग्रन्थो मे एक साथ एक ही स्थान पर नही मिलते, बल्कि प्रासगिक अथवा अनुषागिक रूप से यत्र-तत्र बिखरे पडे हैं। उनमे इन तथ्यो की स्थिति लग-

भग वैसी ही है, जिस प्रकार समुद्रतल मे छिपे मोतियो अथवा नदी-तटो की बालू मे बिखरे हुए सर्णपबीजो को। फिर भी, इन सामग्रियों की खोज जितनी कठिन है, उतनी ही रोचक एव मनोरजक भी। इस दिशा मे अभी तक क्रमबद्ध खोजपूर्ण विस्तृत कार्य नही हो सका है, जब कि जैन पाण्डुलिपियो के गौरवशाली महत्व को विश्व के सम्मुख प्रस्तुत करने की महती आवश्यकता है।

यह परम गौरव का विषय है कि पाण्डुर-वर्ण के पाषाण पर उत्कीर्ण एक जैन शिलालेख भारत की सम्भवत सर्वप्रथम लिखित पाण्डुलिपि है, जो भ० महावीर के परिनिर्वाण के ८४ वर्ष बाद अर्थात् वीर निर्वाण सवत् ८४ (ई० पू० ४४३) मे उन्ही की स्मृति मे ब्राह्मी-लिपि मे उत्कीर्ण कराया गया था।[१]

इस प्रकार आधार सामग्री, लिपि-शैली एव वीर निर्वाण सवत् के स्पष्ट उल्लेख होने के कारण वह लेख न केवल जैन समाज के लिए गौरव का विषय है, अपितु देश के लिए एक ऐतिहासिक महत्व का दस्तावेज भी। यह शिलालेख अजमेर के पास बडली-ग्राम मे मिला है। काल के प्रभाव से वह कुछ क्षतिग्रस्त हो गया है। फिर भी, महामान्य पुरातत्ववेत्ता तथा प्राच्य लिपि-विधा के महापण्डित प० गौरीशकर हिराचन्द्र ओझा ने सावधानी पूर्वक पढकर उसे भारत का प्राचीनतम अभिलेख बतलाया है।

ईसा-पूर्व दूसरी सदी के हाथीगुम्फा-शिलालेख मे चर्चा आती है कि सम्राट खारवल ९ वर्ष की आयु मे युवराज पद प्राप्त करने के पूर्व लेख, रूप, गणना एव व्यवहार-विधि मे विशारद (पण्डित) हो गया था। इससे यह विदित होता है कि लेखन की परम्परा खारवेल के समय तक श्रमण सस्कृति में पर्याप्त विकसित हो चुकी थी।

ई० पू० की सदियो मे कागज एवं भोजपत्र के प्रयोग :—

पाण्डुलिपि तैयार करने सम्बन्धी अन्य उपकरणो मे भोजपत्र, ताडप एव कागज का महत्वपूर्ण स्थान है।

भारत मे कागज के निर्माण की सर्वप्रथम सूचना यूनानी-स्रोतों से मिलती है। सम्राट सिकन्दर के सेनापति निआर्कस (ई० पू• 320) मे लिखा है कि "भारतीय प्रजा रुई तथा चिथडो को कूटपीस कर कागज बनाती

१. 'वीराय भागवत चतुरासिति वस" प्राचीन शिलालेख सग्रह पृ• ४

है।" मगध में सीरिया के राजदूत के रूप मे आए मेगास्थनीज (ईसा पूर्व 305) ने भी उसका समर्थन किया है। इससे विदित होता है कि ईसा-पूर्व की तीसरी-चौथी सदी में भारत मे कागज का आविष्कार हो गया था और उसी समय कागज तथा भोजपत्र दोनो का ही प्रयोग होने लगा था। किन्तु उसका उपयोग किसने किस प्रकार किया, इसकी जानकारी उपलब्ध नही होती। आज ई० पू० की कागज अथवा भोजपत्र की कोई, पाण्डुलिपि उपलब्ध भी नही है। इसका कारण सम्भवत यही रहा होगा कि वे दोनों ही सडने गलने वाले पदार्थ थे, अत बहुत सम्भव है कि वे नष्ट हो चुकी हो ?

ईस्वी सन् के प्रारम्भिक वर्षों में भी सम्भवत भोजपत्र पर पाण्डु-लिपियाँ लिखी जाती रही। उन पर लिखित बौद्धो एव वैदिको की कुछ प्राचीन पाण्डुलिपियाँ भी उपलब्ध होती है, किन्तु जैनियो की नही। हिमवन्त-थेरावली के एक उल्लेख के अनुसार सम्राट खारवेल के पास भोज-पत्र पर लिखित एक जैन पोथी थी, यद्यपि मुनि पुण्यविजय जी ने उक्त उल्लेख को केवल कल्पनाधारित ही बतलाया है।

भोजपत्र की कुछ पाण्डुलिपियाँ पूना, लाहोर, कलकत्ता, तिब्बत, लन्दन, ऑक्सफोर्ड वियेना एव बर्लिन के ग्रन्थागारो मे सुरक्षित है, किन्तु प्रो० एस० एम० कात्रे के अनुसार वे 15 वी सदी ईस्वी के पूर्व की नही है।

ताडपत्र का प्रयोग

प्राचीन काल मे पाण्डुलिपियो के लिए ताडपत्र सबसे अधिक सुविधा जनक माना गया। क्योकि एक तो वह टिकाऊ होता था, दूसरे उसकी लम्बाई एव चौडाई पर्याप्त होती थी। पत्तो की दोनो नसों के भाग को आवश्यकतानुसार काट कर उन्हे पानी मे भिगो दिया जाता था। फिर उन्हे सुखाकर कौडी, बाँस या किसी चिकने पत्थर से रगडकर उसे चिकना बना दिया जाता था, तब किसी नुकीले उपकरण से उस पर खोदकर लिखते थे। काश्मीर तथा पजाब को छोडकर सारे भारत मे इसका प्रयोग किया जाता था। इस प्रक्रिया मे काष्ठपट्टिका पर अक्षर खोदकर स्याही लिपे हुए ताडपत्र पर उन्हे छाप दिया जाता था। यह पद्धति उत्तर भारत मे प्रचलित थी और लेखनी मे ताडपत्र पर पहले अक्षर उकेर कर फिर उनमे काला रस भर दिया जाता था। यह प्रक्रिया दक्षिण भारत मे प्रचलित थी।

चीनी यात्री ह्यूनत्साग के अनुसार बुद्ध के परिनिर्वाण के बाद जब प्रथम संगीति हुई, तब त्रिपिटिक का लेखन ताड-पत्रो पर ही किया

---

1 ततो लेख रूप गणना ववहार विधि विसार देन सबविजावाद क्षालेन नववसानि योवराज पसासि (पक्ति स० 2)

जाता था। - किन्तु वे मूल पाण्डुलिपियाँ अब उपलब्ध नहीं।

वर्तमान में भारत में जो भी ताडपत्रीय पाण्डुलिपियां मिलती हैं, वे 10 वी 11 सदी के पूर्व की नहीं थे। इसके पूर्व की पाण्डुलिपियाँ या तो नष्ट हो गई, अथवा बहुत सम्भव है कि वे विदेशो मे ले जाई गई होगी।

दशवैकालिक (हारिभद्रीय) टीका में ताडपत्रीय पाण्डुलिपियों की रोचक जानकारी दी गई है। उसमे उनका 5 प्रकार के आकृतिसूचक वर्गीकरण किया गया है।

गडो—जो चौडाई, लम्बाई एव मोटाई मे समान होती थीं।

कच्छपी—जो कछुवे के समान मध्य में विस्तीर्ण तथा अन्त मे पतली होती थी।

मुष्टि—जो लम्बाई मे चार अंगुल अथवा वृत्ताकार होती थी अथवा, चार अगुल लम्बी तथा चार कोनो वाली होती थी।

सपुष्टि—जो दो पुटको मे बन्धी हुई होती थी। और, सृपाटिका/सम्पुटक जो पतली किन्तु विस्तृत होती थी। इसक आकार सम्भवत चोच के समान होता था।

ताडपत्र की इन पाण्डुलिपियो को 'पोत्थय' भी कहा गया है—जिसका अर्थ है पोथी अथवा पुस्तक अथवा धार्मिक ग्रन्थ।

राजप्रानीय सूत्र मे ताडपत्रीय पाण्डुलिपि की सरचना के विषय मे सुन्दर वर्णन मिलता है। उसके अनुसार सूर्याभदेव के व्यवसाय-सभा-भवन में एक ऐसी पाण्डुलिपि सुरक्षित थी, जिसके आगे पीछे के आवरण पृष्ठ (पुट्ठे) रिष्टरत्न से जटित थे, जिसकी कम्बिका (ऊपर तथा नीचे को ओर लगी लकडी की पट्टी) रिष्ट नामक रत्नो से जटित थी, जो तप्तस्वर्ण से बने डोरे, नाना मणि जटित ग्रथी, वै-ढडूर्य-मणि द्वारा निर्मित लिप्यासन अर्थात् दवात, रिष्ट नामक रत्न द्वारा निर्मित उसका ढक्कन, शुद्ध स्वर्ण निर्मित श्रृखला रिष्टरत्न द्वारा निर्मित स्याही, वज्ररत्न द्वारा निर्मित लेखनी और रिष्टरत्नमय अक्षरो द्वारा लिखित धर्मलेख मे युक्त थी। इस वर्णन मे अतिशयोक्ति प्रतीत नही होती। क्योंकि वर्तमान मे इसी प्रकार की रत्नजटित कुछ कमलीय अमूल्य जैन पाण्डुलिपियाँ जैन शास्त्र-भाण्डारों मे एव जैनेतर पाण्डुलिपियाँ जनेतर शास्त्र भण्डारो में सुरक्षित हैं।

ताडपत्र की प्रतियाँ आकृति में छोटी बडी सभी प्रकार की मिलती हैं। उसकी सबसे लम्बी प्रति दिगम्बराचार्य प्रभाजन्द्रकृत प्रमेयकमलमार्तण्ड की है, जो जैन न्याय का सर्वोत्कृष्ट ग्रन्थ माना गया है। वह 37 इ च लम्बी है, जो पाटन (गुजरात) के जैन श्वेताम्बर शास्त्र भण्डार मे सुरक्षित है।

कागज़ की पाण्डुलिपियाँ

कुमारपाल प्रबन्ध (जिनमण्डन मणि वि० स० 1402) मे एक उल्लेख मिलता है कि एकबार चालुक्यनरेश कुमारपाल जब अपने जैन ज्ञान भण्डार में गया तो उसने देखा कि उसके लिपिकार कागज के पत्रो पर पाण्डुलिपियाँ तैयार कर रहे हैं। तब उसने पूछा कि कागज पर लेखनकार्य क्यो किया जा रहा है तो लिपिकारो ने उसका कारण ताडपत्रो की कमी बतलाया। इसका तात्पर्य यह हुआ कि १२ वी – १३ वी सदी मे ताडपत्रों की उपलब्धि में कठिनाई होने लगी थी। अत पाण्डुलिपियाँ कागज पर लिखी जाने लगी थी। कागज की ऐसी पाण्डुलिपियाँ उत्तर भारत मे प्रचुर मात्रा में मिलती है।

पाण्डुलिपियो के अध्ययन मे मुझे भी पिछले लगभग ४० वर्षों का अनुभव है। उनकी खोज, प्रतिलिपिकार्य अध्ययन सम्पादन अनुवाद एव समीक्षाकार्य घोर धैर्य-साध्य कष्ट-साध्य एव व्यय-साध्य होने के साथ साथ गुफागृह में बन्द रहकर ही एकाग्रमन सम्पादनादि कार्य करने की प्रेरणा देता है। यह भी अनुभव किया कि मध्यकालीन प्राचीन पाण्डुलिपियो के न्यायपूर्ण अध्ययन के लिए विभिन्न सदियो के अनुमा—

१ (क) एकदा प्रातर्गुरून् सर्वसाधन वन्दित्वा लेखकशाला विलोकनाय गत । लेखका । कागदपत्राणि लिखन्तो दृष्ट । तत गुरुपार्श्वे पृच्छा। गुराभिरूच-श्रीचौलुक्यदेव सम्प्रति श्रीताडपत्राणा त्रुटिरन्ति ज्ञानकोशे अत कागदपत्रेषु ग्रन्थलेखनभिति ।

नधि-वैष्ट्य का ज्ञान तो आवश्यक है ही, प्राच्य भारतीय सस्कृति, तत्कालीन राजनैतिक एव सामाजिक-इतिहास, लोकसस्कृति एव भाषा-विज्ञान का समुचित ज्ञान भी अत्यआवश्यक है। क्योकि मध्यकालीन विशेष रूप से अपभ्रंश-पाण्डुलिपियो के आदि एव अन्त मे विस्तृत प्रशास्तियो का अकन किया गया है जिनमे स्वात्म परिचय के साथ-साथ कवियो ने पूर्ववर्त्ती एव समकालीन साहित्यिक राजनैतिक, सामाजिक एव लोकजीवन सम्बन्धी सन्दर्भ सामग्री भी अकित की है, जिसके-तुलनात्मक अध्ययन से लुप्त, विलुप्त, अनुपलब्ध अनेक ऐतिहासिक तथ्यो की जानकारी मिलती है। राष्ट्रकूट, गग तथा चालुक्य,सम्राटो एव अन्य तोमर, चौहान एव मुस्लिम नरेशो के कार्य-कलापो एव उनके समय को अनेक घटनाओ

पर प्रकाश पडता है, जो वर्तमानकालीन इतिहास-ग्रन्थों मे अनुपलब्ध है। इसकी विस्तृत चर्चा मैने अपने शोध-प्रबन्ध तथा समय-समय पर लिखित अन्य स्वतन्त्र निबन्धो मे की है। जिनकी साहित्य-जगत में प्रशसा भी हुई है।

महाकवि रइधू की प्रशस्तियो मे उल्लिखित उनकी स्वर रचित रचनाओ की सूची में मे कुछ पाण्डुलिपियाँ अभी तक अनुपलब्ध हैं। उनकी सिरिबालचरिउ' की प्राचीन एव प्रामाणित पाण्डुलिपि न मिलने से उनके लिए मै अत्यन्त व्यग्र एव चिन्तित था। किन्तु इसे सुखद सयोग ही कहा जायेगा कि कुछ समय पूर्व मगध विश्वविद्यालय के हमारे एक प्रोफेसर-मित्र जब पेरिस (फ्रास विश्वविद्यालय मे एक भाषणमाला प्रस्तुत करने गए तब वहा की एक प्रोफेसर—महिला ने उनसे मेरा पता पूछा। उसका कारण यह था कि उस विदुषी महिला ने महाकवि रइधू कृत "अणयमिउकहा" पर मेरा एक निबन्ध कही से उपलब्ध कर सन् 1964 के आसपास पढा था। उसमे प्रभावित होकर वे मेरी खोज मे थी। क्योकि महाकवि रइधूकृत 'सिरिबालचरिऊ' को एक पाण्डुलिपि उन्हें पेरिस के किसी शास्त्रागार में उपलब्ध हुई थी और वह उसे मेरे लिए भट स्वरूप भेजना चाहती थी। मेरे उक्त मित्र के द्वारा उक्त पाण्डुलिपि को जीरोक्स कापी के साथ उन्होने मेरे लिए अत्यन्त भावुक-पत्र भेजकर आरा नगर (बिहार) में आकर मिलने की इच्छा भी व्यक्त की थी। इस प्रसग ने मुझे यह सोचने के लिए विवश कर दिया कि रइधू साहित्य की तथा अन्य अनेक लेखको को भारत मे अनुपलब्ध कुछ पाण्डुलिपियाँ भी विदेश मे कही सुरक्षित हो सकती हैं।

अपभ्रंश के महाकवि धवल (10 वीं सदी) जैसे अनेक कवियो ने अपनी-अपनी ग्रन्थ प्रशस्तियों में पूर्ववर्ती अनेक ऐसे दजनो ग्रन्थो एव ग्रथ-कारो के उल्लेख किए है जिनमे से वर्तमान मै कुछ अज्ञात विस्मृत अथवा अनुपलब्ध हैं। असम्भव नही कि उनमे से भी अनेक ग्रन्थ विदेश के शास्त्र भण्डारो मे अज्ञात वनवास भोगते हुए अपने उद्धार की प्रतीक्षा कर रहे हों? कुछ समय पूर्व मैने रूस के शास्त्र-भण्डारो में सुरक्षित कुन्द-कुन्द शिवार्य, पूज्यपाद, सोमसेन आदि एव अन्य जैनाचार्य-लेखको की सक्षिप्त ग्रन्थ सूची 'प्राकृत-विद्या" (अक 7/1) मे प्रकाशित की थी साथ ही पचास्तिकाय गोम्मटसार—(कर्मकाण्ड) के फारसी अनुवाद एव फारसी-भाषा मे लिखित 'ऋषभस्तोत्र" आदि की भी चर्चा की थी। इसी प्रकार "जैन-पचरवाण" (प्राकृत जैनेतर 'पचतन्त्र" संस्कृत कथानक कहे गया आदि पर भी चर्चा की थी तथा बताया था कि मैगास्थनीज, फाहियान, ह्यूनत्साग, अलबेरुनी तथा अन्य अनक विदेशी-यात्री भारत आकर जैनाजैन अनेक

पाण्डूलिपियाँ अपने साथ लेते गए थे। दुर्भाग्य से उनका विवरण आज तक तैयार नही हो सका है। मैंने एक बार यह भी लिखा था कि आचार्य जिनसेन के परम भक्त एवं शिष्य राष्ट्रकूट नरेश अमोघवर्ष द्वारा विरचित प्रश्नोत्तर रत्नात्नमालिका' नामको संस्कृत जैन रचना तिब्बत के एक शास्त्र भण्डार में ऊपलब्ध हुई थी, जो भाषा, भाव, शैली की दृष्टि से एक बेजोड रचना सिद्ध हुई है। यह भी लिख चुका हूँ कि बट्टकेरकृत मूलाचार की प्राचीनतम प्रामाणिक हस्तलिखित प्रति जर्मनी के प्रोफेसर अल्सडार्फ के पास सुरक्षित है। डा० अल्डार्फ डा० हीरालाल जो एव प्रो० उपाध्ये जी घनिष्ट मित्र तथा आचार्य जी विद्यानन्दजी के प्रशशक एव परमभक्त थे। अभी हाल मे हो डा० आलसडार्फ का स्वर्गवास हुआ है। वे उसका सम्पादन कर रहे थे।

तात्पर्य है कि सहस्त्रों जैन पाण्डुलिपियाँ विदेशों के कोने-कोने में पहुँचकर वहाँ सुरक्षित अथवा असुरक्षित रूप में पडी हुई हैं। हमें निरन्तर यह विचार करना चाहिए कि वे हमारे आचार्यो के समुन्नत-चिन्तन प्रौढ-लेखन सशक्त-भाषा, विचार एव सहज-शैली के प्रकाशक एव समकालीन लोक भाषाओं को साहित्यिक सामर्थ्य प्रदान करने वाले अनुपम उदाहरण हैं। हमारी श्रवण सस्कृति के चिरन्तन विकास एव विश्व साहित्य की समृद्धि के वे स्वर्णिम अध्याय हैं। उन्हे अपनी बहुमूल्य धरोहर समझकर इस समय उनकी उपलब्धि एव जीर्णोद्धार हेतु सामाजिक-प्रयत्न अतीव आवश्यक हैं।

आरा स्थित जैन सिद्धान्त भवन जैसो कि (इस सदी के प्रारम्भिक काल से) भारत विख्यात आरा (बिहार) स्थित जैन सिद्धान्तभवन के बहुमूल्य प्राच्य शास्त्र भण्डार के विषय मे देश-विदेश में चर्चाएँ होती रही हैं, उसकी ताडपत्रीय एव कर्गलीय (सचित्र एव सामान्य) पाण्डुलिपियो का सदुपयोग शोधार्थियों ने आवश्यकतानुसार बहुत मात्रा मे किया है। इसके लिए उन्हें सहस्त्रो मीलों की यात्रा कर आरा आने तथा दीर्घ प्रवास करने में अनेक कठिनाइयों का सामना करना पडता था। अत. उनको सुविधा के लिए जैन सिद्धान्त भवन की प्रबध समिति ने भवन मे सुरक्षित पाण्डुलिपियो का (Discriptive manus cripts of old maniscripts) के प्रकाशन का निर्णय लिया। उसे निर्णय शृंखला का प्रथम भाग प्रकाशित होकर पाठकों के हाथो मे पहुँच चूका है। पूर्व मे यह भी निर्णय लिया गया था कि इसे भवन के शोध-पत्र-जैन सिद्धान्त भास्कर and Jain Antiquory) के विशेषाक के रूप में अपने सामान्य ग्राहको एव पाठको को भेंट किया जाय। इसे जै० सि० भ० And Jaina Antiquory का विशेषांक इसलिए मनाया

मे जा रहा है कि उसके माध्यम से वह अधिकाधिक जिज्ञासु पाठकों के हाथो जा सके। क्योंकि समस्त सामग्री के दो खण्डो का लागत मूल्य ही लगभग 500/– से अधिक आ रहा है, इस कारण उसे खरीद पाना प्रत्येक पाठक को सम्भव भी न हो पाता।

प्रस्तुत अश मे सस्कृत, प्राकृत अपभ्रश एव हिन्दी की 996 पाण्डुलिपियों को सूची प्रस्तुत को जा रही है। शोधार्थियो की दृष्टि से इसमे आदि एव अन्त की प्रशस्तियो तथा पुष्पिकाओं के साथ साथ अन्य आवश्यक सूचनाओं को प्रस्तुत किया गया है, जिनसे पाण्डुलिपियो के लेखक का परिचय, लिपिकारो का परिचय, उनका प्रतिलिपि काल तथा प्रतिलिपि-स्थल का तो पता चलता ही है, साथ ही ग्रन्थकार के इतिवृत्त के समकालीन अनेक घटनाओ की भी सूचना मिलती है, जो इतिहास के निर्माण मे सहायक सिद्ध होती है।

प्रस्तुत अश में प्राच्य भारतीय विद्या के शृगार तथा जैन-विद्या के गौरव ग्रन्थ के रूप मे प्रसिद्ध ग्रन्थो मे जिनसेनाचार्य कृत आदिपुराण (ऋषभ चरित) का मूल हिन्दी पद्यानुवाद उसकी वचनिका तथा टिप्पणी विशेष महत्त्वपूर्ण है। इसकी मूल प्रति को प्रतिलिपि वि० स० 1773 में पाटलिपुत्र मे की गई थी, इससे विदित होता है कि उस समय पाटलीपुत्र का जैन समाज जिनवाणी के उद्धार मे विशेष रुचि रखता था तथा वह उत्तर मध्य काल तक जैन-विद्या का केन्द्र भी रहा था। क्रमाक 13 की पाण्डुलिपि आचार्य रत्ननन्दि कृत भद्रबाहुचरित्र का विशेष महत्त्व इसलिए है कि उसमे जैन-सघ के दि० एव श्वेताम्बर सम्प्रदाय मे विभक्त होने की ऐतिहासिक सूचना अकित है।

जैन सिद्धान्त भवन ग्रथागार मे सुरक्षित अपभ्रश कृतियो मे महाकवि रइधू कृत हरिवशपुराण (क्रमाक 44) तथा यश कीर्ति कृत हरिवशपुराण क्रमाक 45) मेघवरचरित रइधू, (क्रमाक 64) पार्श्वपुराण रइधू, (क्रमाक 88) जयमित्रहल्लकृत वड्ढमाणचरिउ (क्रमाक 135, 136) सुकोमलचरिउ रइधू, (क्रमाक 441) (उपदेशरत्नमाला सुबुद्ध पडित (क्रमाक 453) आदि पाण्डुलिपिया शोधार्थियो की दृष्टि मे विशेष महत्त्वपूर्ण हैं।

इसी प्रकार शौरशेनी प्राकृत के भगवती-अराधना (शिवार्य क्रमाक 177 भावसग्रह (श्रुतमुनि, क्रमाक 181) चौबीस ठाणा (पाण्डे भोवाल, क्रमाक 201) चौबीस गुणगाथा (क्रमाक 202-203), चउसरण पइण्ण (क्रमाक 205) दर्शनसार (देवसेन, क्रमाक 209), द्रव्यसग्रह (नेमिचन्द्र सि० च० क्रमाक 213,-224), धर्मरसायण (क्रमाक 235) गोम्मटसार जीव काण्ड नेमिचन्द्रसि०च० क्रमाक (242-244) गोमटसार कर्म काण्ड ने० च० सि० च०

(क्रमाक 245–249) कर्मप्रकृति ग्रन्थ (नेमिचन्द्र सिद्धान्तिदेव, क्रमाक 272) कर्म-विपाक (आनन्दसूरि क्रमाक 273), कार्तिकेयानुप्रेक्षा (स्वामिकुमार क्रमाक 276) लोकवर्णन (अपूर्ण, क्रमाक 282), मूलाचार (कुन्दकुन्द, क्रमाक 292) पचसग्रह (रत्नकीर्ति क्रमाक 305) प्रतिक्रमणसूत्र (क्रमाक 316) सत्रोव-पचासिका (क्रमाक 337) सत्वत्रिभगी (रगनाथ भट्टारक क्रमाक 361) सिद्धान्तसार (जिनेन्द्रदेवाचार्य, क्रमांक 374), वसुनन्दिश्रावकाचार (क्रमाक 443) ब्रह्महेमचन्द्र क्रमाक 384) तत्वसार (क्रमाक, 393) त्रलोक्य प्रज्ञप्ति प्रशस्ति (प. मेधावी क्रमाक 420–421) त्रिभगी (कनकनन्दी, सैद्धान्तिक चक्रवर्ती क्रमाक 422) त्रिलोकसार (नेमिचन्द्र, क्रमाक 424) प्राकृत-व्याकरण द्वि० अध्याय (क्रमाक 488)। आदि।

उक्त पाण्डुलिपियाँ शौरसेनी प्राकृत–साहित्य तथा समकालीन भाषा लिपि के इतिहास–लेखन की दृष्टि से अपना विशेष महत्त्व रखती है।

पूर्व मध्यकालीन (अर्थात् रीतिकालीन) हिन्दी मे महाकवि भूदरदास द्वारा लिखित पार्श्वपुराण की दो प्रतिया (क्रमाक 91 तथा 92) भवन मे सुरक्षित है। हिन्दी भाषा एव साहित्य के महारथी विद्वान प. हजारी प्रसाद द्विवेदी ने इसे हिन्दी भाषा का उत्कृष्ट कोटि का महाकाव्य माना है। पूर्वाचार्यों द्वारा निर्धारित महाकाव्य के सभी लक्षण इसमे विद्यमान है। इसका कथानक पौराणिक होते हुए भी वह अत्यन्त रोचक मर्मस्पर्शी एव आत्मपोषक है। इस ग्रथ की गरिमा एव लोकप्रियता का इसीसे पता चलता है कि इसका प्रतिलिपि श्वेताम्बर मातानुयायी ऋषि हसराज जी के शिष्य रामसुखदास ने वि॰ स॰ 1856 को कार्तिक सुदी नौवी बुधवार के दिन शाहजहानाबाद (दिल्ली) मे बैठकर की थी। यही प्रतिलिपि जै॰ सि॰ भ॰ मे सुरक्षित है।

इसके अतिरिक्त हिन्दी सस्कृत प्राकृत एव अपभ्रश की विविध विषयक अनेक पाण्डुलिपियाँ यहाँ सुरक्षित हैं, जिनका विवरण प्रस्तुत ग्रन्थ सूची में अकित किया गया है।

प्राचीन पाण्डुलिपियों को विवरणात्मक एव स्वीकृत सूची तैयार करना स्वय में एक कठिन कार्य है फिर भी डॉ॰ ऋषभचन्द्र जैन फौजदार श्री जिनेश जैन एव अन्य साहित्य सेवियो ने जिस एकाग्रता से इसे तैयार किया है वह सराहनीय है। जैन सिद्धान्त भवन के संरक्षक सचालक श्री बाबू सुबोध कुमार जैन का उत्साह भी अत्यन्त सराहनीय है क्योंकि उनकी प्रेरणा के बिना उक्त बहुमूल्य कार्य सम्भव न होता। पूर्ण विश्वास है कि शोधार्थी एव स्वाध्यायार्थीगण इसका पूर्ण सदुपयोग कर तथा अपने सुचिन्तित सुझाव देकर हमें उपकृत करेगे।

Foreword

Bihar has played a great role in the history of Jainism. Last Tirthankar, Mahavira, who gave a great fillip to the Jain religion, was born here and spread his massage of peace and ahimsa. It is from the land of Bihar that the fountain of Jainism spread its influence to the different parts of India in ancient period And in the modern age the Jain Siddhanta Bhavan at Arrah in Bhojpur district has kept the torch of of Jainism burning. It occupies a unique place among the modern Jain institutions of culture This institution was established to promote historical research and advancement of knowledge particularly Jain learning

There is a collection of thousands of manuscripts, rare books, pictures and palm-leaf manuscripts, in Shri Devakumar Jain Oriental Library Arrah attached to the said institution Some of the manuscripts contain rare Jain paintings These manuscripts are very valuable for the study of the creed as well as the socio-economic life of ancient India

The present work "Sri Jain Siddhanta Bhavan Granthavali" being the Catalogue of Sanskrit, Prakrit, Apabhramsa and Hindi Manuscripts is being prepared in six volumes Each volume contains two parts First parts consists of the list of manuscr ipts preserved in the institution with some basic informations such as accession number, title of the work, name of the author, scripts, language, size, date etc Part second which is named as Parisista (Appendix) contains more details about the manuscripts recorded in the first part

The author has taken great pains in preparing the present Catologue and deserves congratulations for the commendable job, This work will no doubt remain for long time a ready book of reference to scholars of ancient Indian Culture particularly Jainism

(Naseem Akhtar)
Director, Museums
Bihar, Patna.

February 29, 1988
Vikas Bhavan, Patna

प्रकाशकीय नम्र निवेदन

'जैन सिद्धान्त भवन ग्रन्थावली' का दूसरा भाग प्रकाशित होते देख मुझे अपार हर्ष हो रहा है। लगभग पाँच वर्ष पहले से इस सपने को साकार करने का प्रयत्न चल रहा था। अब यह महत्वपूर्ण कार्य प्रारम्भ हो गया है। एक पचवर्षीय योजना के रूप मे इसके छ भाग प्रकाशित करने मे सफलता मिलेगी ऐसी पूरी आशा है।

'जैन सिद्धात भवन ग्रन्थावली' का यह दूसरा भाग जैन सिद्धात भवन, आरा के ग्रन्थागार मे सग्रहीत सस्कृत प्राकृत, अपभ्रश, कन्नड एव हिन्दी के हस्तलिखित ग्रन्थो की विस्तृत सूची है। इसमे लगभग एक हजार ग्रन्थो का विवरण है। हर भाग मे इसका विभाजन दो खण्डो मे किया गया है। पहले खण्ड मे अग्रेजी (रोमन) मे ग्यारह शीर्षको द्वारा पाडुलिपियो के आकार, पृष्ठ सख्या आदि की जानकारी दी गई है। 'भवन' के ग्रथागार मे लगभग छह हजार हस्तलिखित कागज एव ताडपत्र के ग्रथो का सग्रह है। इनमे अनेक ऐसे भी ग्रन्थ हैं जो दुर्लभ तथा अद्यावधि अप्रकाशित है। अप्रकाशित ग्रन्थो का सम्पादित कराकर प्रकाशित करने की भी योजना आरम्भ हो गई है। वर्तमान मे जैन सिद्धात भवन, आरा मे उपलब्ध 'राम यशोरसायन रास (सचित्र जैन रामायण) का प्रकाशन हो रहा है जो शीघ्र ही पाठको के हाथ मे होगा। इसमे ७१३ दुर्लभ चित्र हैं।

'जैन सिद्धात भवन ग्रन्थावली' के कार्य को प्रारम्भ कराने मे काफी कठिनाइयो का सामना करना पडा लेकिन श्रीजी और माँ सरस्वती की असीम कृपा से सभी सयोग जुडते गए जिससे मैं यह ऐतिहासिक एव महत्व पूर्ण कार्य आरम्भ कराने मे सफल हुआ हू। भविष्य मे भी अपने सभी सहयोगियो मे यही अपेक्षा रखता हूँ कि हम उनका सहयोग हमेशा प्राप्त होता रहेगा।

ग्रन्थावली एव रामयशोरसायन रास के प्रकाशन के सबसे बडे प्रेरणा-श्रोत आदरणीय पिता जी श्री सुबोध कुमार जैन के सहयोग एव मार्गदर्शन को कभी विस्मृत नही किया जा सकता। अपने कार्यकर्ताओ की टीम के साथ उनसे विचार विमर्श करना तथा सबकी राय से निर्णय लेना उनका ऐसा तरीका रहा है जिसके कारण सभी एकजुट होकर कार्य मे लगे है।

बिहार सरकार एव भारत सरकार के शिक्षा विभाग एव सस्कृति विभाग ने इस प्रकाशन को अपनी स्वीकृति एव आर्थिक सहयोग प्रदान कर एक बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाया है जिसके लिये हम निदेशक राष्ट्रीय अभिलेखागार, दिल्ली, निदेशक पुरातत्व एव निदेशक सग्रहालय बिहार सरकार तथा भारत सरकार के सभी सबधित

अधिकारियों के कृतज्ञ है और उनसे अपेक्षा रखेंगे कि भवन के अन्य अप्रकाशित हस्त-लिखित ग्रर्थों के प्रकाशन में उनका सहयोग देश की सांस्कृतिक धरोहर की सुरक्षा हेतु भविष्य मे भी हमे प्राप्त होगा।

डा० गोकुलचन्द जैन, अध्यक्ष, प्राकृत एवं जैनागम विभाग, सपूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी ने ग्रन्थावली की विद्वतापूर्ण प्रस्तावना आंगल भाषा में लिखी है। बिहार म्यूजियम के विद्वान एव कर्मठ निर्देशक श्री नसीम अख्तर साहब ने समय निकालकर इस पुस्तक की भूमिका लिखी है। डा० राजाराम जैन, अध्यक्ष, सस्कृत-प्राकृत विभाग, जैन कालेज, आरा तथा मानद निदेशक श्री देवकुमार जैन प्राच्य शोधसस्थान, आरा ने आवश्यकता पडने पर हमें इस प्रकाशन के सम्बन्ध मे बराबर महत्वपूर्ण मार्ग दर्शन दिया है। हम तीनोंही जाने माने विद्वानों का आभार मानते हैं।

श्री ऋषभ चन्द्र जैन 'फौजदार', जैनदर्शनाचार्य परिश्रम और लगन से ग्रन्थावली का सपादन कर रहे हैं। श्री ऋषभ जी हमारे सस्थान में मानद शोधा-कारी के रूप मे भी कार्यरत हैं। ग्रन्थावली के दोनों खण्डो के सकलन के सपूर्ण कार्य यानी अंग्रेजी भाषा मे एक हजार ग्रथो की ग्यारह कालमो मे विस्तृत सूची तथा प्राकृत एवं सस्कृत आदि भाषाओं मे परिशिष्ट के रूप मे सभी ग्रथो के आरम्भ की तथा अत के पदो का और उनके कोलाफोन के भी विस्तृत विवरण देने जैसा कठिन कार्य श्री विनय कुमार सिन्हा, एम० ए० और श्री शत्रुघ्न प्रसाद सिन्हा, बी० ए० ने बहुत परिश्रम करके योग्यता पूर्वक किया है। डा० दिवाकर ठाकुर और श्री मदनमोहन प्रसाद वर्मा ने पुस्तक के अत मे 'वर्ण-क्रम के आधार पर ग्रन्थकारो एव टीकाकारों की नामावली और उनके ग्रन्थो की क्रम सख्या का सकलन तैयार किया है।

श्री जिनेश कुमार जैन, पुस्तकालय-अधिक्षक, श्री जैन सिद्धान्त भवन, आरा का सहयोग भी सराहनीय है जिनके अथक परिश्रम से ग्रन्थों का रखरखाव होता है। प्रस मैनेजर श्री मुकेश कुमार वर्मा भी अपना भार उत्साह पूर्वक सभाल रहे हैं। इनके अतिरिक्त जिन अन्य लोगो से भी मुझे प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से सहयोग मिला है उन सभी का हृदय से आभारी हूँ।

अजय कुमार जैन

मंत्री

श्री देवकुमार जैन ओरिएन्टल लाईब्रेरी

देवाश्रम,

आरा

ABBREVIATION

V S.	—	Vikrama Samvata
D.	—	Devanāgarī
Stk	—	Sanskrit
Pkt	—	Prakrit
Apb,	—	Apabhraṁśa
C	—	Complete
Inc.	—	Incomplete

Catg of Skt Ms – Catalogue of Sanskrit manuscripts in Mysore and coorg by Lewis Rice M R. A. S,, Mysore Government Press, Bangalore, 1884.

Catg of Skt & Pkt Ms – Catalogue of Sankrit & Prakrit manuscripts in the Central Provinces & Berar by Rai Bahadur Hiralal B A Nagpur, 1926

(१)	आ॰ सू॰	आमेर सूची—डा॰ कस्तूरचन्द, कासलीवाल ।
(२)	जि॰ र॰ को॰	जिनरत्नकोश –डा॰ वेलणकर, भण्डारकर ओरिएण्टल रिसर्च इन्स्टीच्यूट, पूना ।
(३)	जै॰ ग्र॰ प्र॰ स॰	जैन ग्रन्थ प्रशस्ति सग्रह—प॰ जुगलकिशोर मुख्तार ।
(४)	दि॰ जि॰ ग्र॰ र॰	दिल्ली जिन ग्रन्थ रत्नावली—श्री कुन्दनलाल जैन भारतीय ज्ञानपीठ, दिल्ली ।
(५)	प्र॰ जै॰ सा॰	प्रकाशित जैन साहित्य—डा॰ पन्नालाल अग्रवाल ।
(६)	प्र॰ स॰	प्रशस्ति सग्रह – डा॰ कस्तूरचन्द कासलीवाल ।
(७)	भ स॰	भट्टारक सम्प्रदाय -विद्याधर जोहरापुरकर ।
(८)	रा॰ सू॰	राजस्थान के शास्त्र भडारो की सूची—डा॰ कस्तूरचन्द कासलीवाल, दि॰ जैन अतिशय क्षेत्र श्री महावीरजी, जयपुर (राजस्थान) ।

समर्पण

देवाश्रम परिवार में
पंडित-प्रवर बाबू प्रभुदास जी,
राजर्षि बाबू देवकुमार जी,
ब्र० पं० चन्दा माँश्री,
और
बाबू निर्मलकुमार चक्रेश्वरकुमार जी
यशस्वी तथा गुणीजन हुए है।
उन सभी को पावन
स्मृति को यह
श्री जैन सिद्धांत भवन ग्रन्थावली
सादर समर्पित है।

देवाश्रम आरा — *सुबोधकुमार जैन*
१४-३-८७

INTRODUCTION
(VOL—I)

I have great pleasure in introducing *Śrī Jaina Siddhānta Bhavan Granthāvalī* – a descriptive Catalogue of 997 Sanskrit, Prakrit, Apabhramsa and Hindi Manuscripts preserved in Shri Deva Kumar Jain Oriental Library, popularly known as Jaina Sidhānta Bhavan, Arrah The actual number of MSS exceeds even one thousand as some of them are numbered as *a* and *b* Being the first volume, it marks the beginning of a series of the Catalogues to be prepared and published by the Library

The Catalogue, devided into two parts, covers about 500 pages and each part numbered separately In the first part, descriptions of the MSS have been given while the second part contains the Text of the opening and closing portions of MSS along with the Colophon The catalogue has been prepared strictly according to the scientific methodology developed during recent years and approved by the scholars as well as Government of India The description of the MSS has been recorded into eleven columns viz 1 Serial number, 2 Library accession or collection number, 3 Titleof the work 4 Name of the author, 5 Name of the commentator 6 Material, 7 Script and language, 8 Size and number of folio, lines per page and letters per line. 9 Extent, 10 Condition and age, 11 Additional particulars These details provide adequate informations about the MSS For instance thirteen MSS of *Dravyasaṁgraha* have been recorded (S Nos 213 to 224) It is a well known tiny treatise in Prakrit verses by Nemicanda Siddhānti and has had attracted attention of Sanskrit ond other commentators Each Ms preserved in the Bhavana's Library has been given an independent accession number Its justification could be observed in the details provided

From the details one finds that first four MSS (213 to 215/2) contain bare Prakrit text All are paper, written in *Devanāgarī* Script, their language being natured in poetry Each Ms has different size and number of folios Lines per page and letters per line are also different All are complete and in good condition. Only one Ms (216) is a Hindi verson in poetry by some unknown

writer and is incomplete Two MSS (218, 222) are with exposition in *Bhāṣā* (Hindi) prose and poetry by Dyānatarāya and three are in Bhāṣā poetry by Bhagavatidas. Ms No. 223 dated 1721 v. s., is with Sanskrit commentary in Prose Ms No 229 is a *Bhāṣā vacanikā* by Jayacanda These details could be seen at a glance as they are presented scientifically.

The Manuscripts recorded in the present volume have been broadly classified into following eleven heads : –

1	Purāna, Carita, Kathā	1 to 155
2	Dharma, Darśana, Ācāra	156 to 453
3	Nyāyaśāstra	454 to 480
4	Vyākarana	481 to 492
5	Kośa	493 to 501
6.	Rasa chanda, Alankāra & Kāvya	502 to 531
7	Jyotiṣa	532 to 550
8	Mantra Karmakānda	551 to 588
9	Āyurveda	589 to 600
10.	Stotra	601 to 800
11	Pūjā, Pāṭha-vidhāna	801 to 997

The details have been presented in Roman scripts in Hindi Alphabetic order The classification is of general nature and help a common reader for consultation of the Catalogue However, critical observations may deduct some MSS which do not fall under any of these eleven categories (see MSS 295, 511, 512)

The Second Part of the volume is entitled as *Pariśiṣṭa* or Appendix This part furnishes more details regarding the MSS recorded in the first part. Along with the text of the opening and closing portions of each Ms, colophons have been presented in *Devanāgari* script The text is presented as it is found in the MSS and the readers should not be confused or disheartened even if the text is currupt The cross references of more than ten other works deserve special mention. Only a well read and informed scholar could make such a difficult task possible with his high industry and love of labour-

From the details presented in the Second part we get some very interesting as well as importnt informations. A few of them are noted below :—

(1) Some Mss belong to quite a different category and do not come under the heads, they have been enumerated, such as *Navaratnaparīkṣā* (295) which deals with Gemeology. The opening & closing text as well as the colophon clearly mention that it is a *Ratna śāstra* by Buddhabhatt. Similarly, *Nītivākyāmṛtam* (511 512) is the famous work on Polity by Somadeva Suri (10th cent.). *Trepanakriyākośa* (498, 499) is not a work on Lexicon It deals with rituals and hence falls under *Ācāraśāstra* These observations are intended to impress upon the consultant of the catalogue that he should not by pass merely by looking over the caption alone but should see thoroughly the details given in the Second part of the catalogue which may reveal valuable informations for him.

(2) Some of the MSS of *Āptamīmāṁsā* contain *Āptamīmāṁsālaṅkṛti* of Vidyānanda (455) *Āptamīmāṁsāvṛtti* of Vasunandi (456) and *Āptamīmāṁsābhāṣya* of Akalaṅka (457). These three famous commentaries are popularly known as *Aṣṭasahasrī Aṣṭaśatī* and *Devāgamavṛtti* Though these works have once been published, yet these can be utilised for critical editions

(3) In the colophon of some of the MSS the parential MSS have been mentioned and the name of the copyist, its date and place where they have been cop ed, have been given These informations are of manifold importance. For instance the information regarding parential Ms is very important. If the editor feels necessary to consult the original Ms for his satisfaction of the readings of the text, he can get an opportunity for the same. It is of particular importance if the Ms has been written into different scripts then that of the original one Many Sanskrit, Prakrit and Apabhramsa works are preserved on palm leaves in *Kannada* scripts When these are rendered into *Devanāgarī* scripts there are every possibility of slips, difference in readings and so on. It is not essential that the copyist should be well acquainted with all its languages and subject matter of each Ms. The difference of alphabets in different languages is obvious. Thus the reference of parential Ms is of great importance (373)

(4) The references of places and the copyists further authenticate the MSS Some of the MSS have been copied in Karnataka at Moodbidri and other places from the palm leaf MSS written in *Kannada* scripts (7, 318, 373) whereas some in Northen India, in Rajasthan, Uttar Pradesh, Bihar, Madhya Pradesh and Delhi

(5) It is also noteworthy that copying work was done at Jaina Siddhanta Bhavana Arrah itself MSS were borrowed from different collections & copying work was conducted in the supervision of learned Scholars

(6) The study of colophon reveals many more important references of *Saṁghs, Ganas, Gacchas, Bhaṭṭārakas* and presentation of *Śāstras* by pious men and women to ascetics copying the Ms for personal study—*svādhyāya*, and getting the work prepared for his son or relative etc Such references denote the continuity of religious practice of *śāstradāna* which occupy a very high position in the code of conduct of a Jaina household,

(7) The copying work of MSS was done not only by paid professionals but also by devout *śrāvakas* and desciples of *Bhaṭṭārakas* or other ascetics

(8) In most of the MSS counting of alphabets, words, *ślokas*, or *gāthās* have been given as *granthaparimāna* at the end of the MSS This reference is very important from the point of the extent of the Text Many times the author himself indicates the *granthaparimāna* Even the prose works are counted in the form of ślokas (32 alphabets each) The *Āptamīmāṁsā Bhāṣya* of Akalanka is more popularly known as *Aṣṭaśati* and *Āptamīmāṁsālaṁkṛti* of Vidyānanda is famous as *Aṣṭasahasri* Both works are the commentaries on the *Āptamimāṁsā* (in verse) of Samanta Bhadra in Sanskrit prose, Vidyananda himself says about his work.—

"*Śrotavy—aṣtasahasri śrutaih kimanyaih sahasrasamkhyānaih*"

Counting in the form of ślokas seems a later development When the teachings of Vardhamāna Mahāvira were reduced to writing counting was done in the form of *Padas* For instance the *Āyāramga* is said to contain eighteen thousand *Padas*

" Ṇyāraṁgamatthāraha—pada - sahassehi "

(Dhavalā p. 100)

Such references are more useful for critical study of the text.

(9) Some references given in the colophons shed light on some points of socio cultural importance as well The copying work was done by Brāhmins, Vaiśyas, Agarawālas, Khandelāwāls, Kāyasthas and others There had been some professionally trained persons with very good hand writing who were entrusted with the work of copying the MSS The remuneration of writing was decided per hundred words For the purpose of the counting generally the copyist used to put a particular mark (I) invariably without punctuation In the end of some of the MSS even the sum paid, is mentioned Though it has neither been recorded in the present catalogue nor was required, but for those who want to study the MSS these informations may be important

The study of Colophons alone can be an independent and important subject of research

From the above details it is clear that both the parts of the present volume supplement each other Thus, the *Jaina Siddhānta Bhavana Granthāvalī* is a highly useful reference work which undoubtedly *contributes to the advancement of oriental learning* With the publication of this volume the Bhavana has revived one of its important activities which had been started in the first decade of the present Centuty

Shri Jaina Siddhant Bhavan, Arrah, established in the beginning of the present century had soon become famous for its threefold activities viz 1) procuring and preserving rare and more ancient MSS, 2) publication of important texts with its english translation in the series of Sacred Books of the Jaina's and 3) bringing out a bilingual research journal *Jaina Siddhānta Bhāskara* and *Jaina Antiquary*. Under the first scheme, many palm leaf MSS have been procured from South India, particularly from Karnataka, and paper MSS from Northern India However the copying work was done on the spot if the Ms was not lent by the owner or otherwise was not transferable The earliest Śauraseni Prakrit *Siddhānta Śāstra Saṭkhandāgama*

with its famous commentaries *Davalā, Jayadavalā*, and *Mahādavlā* was copied from the only surviving palm leaf Ms in old *Kannaḍa* scripts, preserved in the *Siddhānta Basadi* of Moodbidri.

Bhavan's Collection became known all over the world within ten years of establishment. In the year 1913, an exhibition of Bhavan's collection was organised at Varanasi by its sister institution on the occasion of Three Day Ninth Annual Function of Śrī *Syādvāda Mahāvidyālaya* A galaxy of persons from India and abroad who participated in the function greatly appreciated the collection. Mention may specially be made of Pt. Gopal Das Baraiya, Lala Bhagavan Din, Pt. Arjunlal Sethi, Suraj Bhan Vakil, Dr. Satish Chandra Vidyabhusan, Prof Heraman Jacobi of Germany, Prof Jems from United States of America, Ajit Prasad Jain, and Brahmachari Shital Prasad A similar exhibition was organised in Calcutta in 1915. Among the visitors mention may be made of Sir Asutosh Mukherjee, Shri Aurvind Nath Tegore, Sir John woodruf and Sarat Chandra Ghosal

The other activity of the publication of *Biblothica Jainica—The Sacred Books of the Jainas* began with the publication of *Dravya Samgraha* as Volume I (1917) with Introduction, English translation and Notes etc In this series important ancient Prakrit texts like *Samayasāra, Gommatasāra, Ātmānuśāsana* and *Purusārtha Siddhyupāya* were published Alongwith the Sacred Book Series books in English on Jaina tenets by eminent scholars were also published *Jaina Siddhānta Bhāskara* and *Jaina Antiquary*, a bilingual Research Journal was published with the objectiveto bring into light recent researches and findings in the field of Jainalogical learning

Thanks to the foresight of the founders that they could conceive of an Institution which became a prestigious heritage of the country in general and of the Jainas in particular The palm leaf MSS in *Kannada* scripts or rendered into *Devanāgari* on paper are valuable assets of the collection It is undoubtedly accepted that a manuscipt is more valuable than an icon or Architectural set-up An icon may be restalled and similarly an Architectural set-up can be re-built, but if even a piece of any Ms is lost, it is lost for ever. It is how plenty of ancient works have been lost It is why the followers of Jainism paid a thoughtful consideration to preserve

the MSS which is included in their religious practice. A Jaina Shrine, particularly the temple was essentially attached with a *Śāstra-Bhandāra*, because the *Jina*, *Jinavāni* and *Jinaguru* were considered the objects of worship. Almost all the Jaina temples are invariably accompanied with the *Śāstra-Bhandāras*. During the time of some of the Mughal emperors like Mahmud Gaznai (1025 A.D.) and Aurangzeb (1661-1669 A.D.) when the temples were destroyed, a new awakening for preservation of the temples and *Śāstra* started and much interior places were choosen for the purpose A new sect of the Bhattārakas and Caityavāsis emerged among the Jaina ascetics who undertook with enthusiasm the activity of building up the *Śāstra Bhandāras*. As a result, many MSS collections came up all over India The collections of Sravanabelagola, Moodbidri and Humach in Karnataka, Patan in Gujrat, Nagaur, Ajmer, Jaipur in Rajasthan, Kolhapur in Maharastra, Agra in Uttar Pradesh and Delhi are well known A good number of copies of important MSS were prepared and sent to different *Śāstra Bhandāras* One can imagine how the copies of a works composed in South India could travel to North and West And likewise works composed in North-West reached the Southern coast of India A great number of Sanskrit, Prakrit and Apabhramsa works were rendered into Kannada, Tamil and Malayalee Scripts and were transcribed on the Palm Leaf It is a historical fact that the religious enthusiasm was so high that Shāntammā, a pious Jaina lady, got prepared one thousand copies of *Śāntipurāna* and distributed them among religious people. At a time when there were no printing facilities such efforts deserved to be considered of great significance.

The above efforts saved hundreds thousands MSS But along with the development of these new sects these social institutions became almost private properties This resulted into two unwanted developments viz 1) lack of preservation in many cases and 2) hardship in accessiblity Due to these two reasons the MSS remained locked for a long period for safety, and consequently the valuable treasure remained unknown to scholars The story of the *Siddhānta Śāstra Satkhan lāgama* is now well known It is only one example

With the new awakening in the middle or last quarter of the Nineteenth Century some enlightened Jaina householders came out

with a strong desire to accept the challenge of the age and started establishing independent MSS libraries. This continued during the first quarter of 20th century. In such Institution, Eelak Pannalal Sarasvati Bhavan at Vyar, Jhalara Patan and Ujjain, and Shri Jaina Siddhanta Bhawan at Arrah stand at the top More significant part of these collections had been their availability to the scholars all over the world Almost all the eminent Joinologist of the present century studing the MSS, have utilized the collection of Sri Jaina Siddhanta Bhawan It had been my proud privilege and pleasure that I too have used Bhavan's MSS for almost all my critical editions of the works I edited

During last few decades catalogues of some of the MSS collections, in Government as well as in private institutions, have been published Through these catalogues the MSS have become known to the world of Scholars who may utilise them for their study

In the series of the publications of catalogues relating to Jainalogy, *Jinaratnakośa* by Velankar deserves special mention It is quite a different type of reference work relating to MSS Bharatiya Janapitha, Kashi published in Hindi in Devanagari script the *Kannadaprāntiya Tādapatriya Grantha* Sūchī in 1948 recording descriptions of 3538 Palm leaf MSS The catalogues of the MSS of Rajasthan prepared by Dr Kastoor Chand Kasliwal and published in five volumes by Shri Digambar Jaina Atisaya Ksetra Shri Mahaviraji Jaipnr also deserve mention L D Institute of Indology, Ahmedabad have published catalogue in several volumes Among the publication of new catalogues mention may be made of *Dilli Jina-Grantha-Ratnāvāli* published by Bharatiya Jnanpith, New Delhi and the catalogue of *Nāgaura Jaina Śāstra-Bhandāra* published by Rajasthan University

In the above range of catalogues, the present volume of *Śrī Jaina Siddhānta Bhavana Granthāvalī* is a valuable addition As already started this is the beginning of the publication of catalogues of the MSS preserved in Sri Jain Siddhant Bhavan now Shri Deva Kumar Jain Oriental Library, Arrah It is likely to cover eight volumes each covering about 1000 MSS I am well aware that preparation and publication of such works require high industrious zeal, great

passions and continued endeavour of a team of scholars with keen insight besides the large sum required for such publications

It is not the place to go into many more details regarding the importance of the MSS and contribution of Bhavan's collection, but I will be failing in my duty if I do not record the contribution of the founder Sriman Devakumarji and his worthy successors I sincerely thank Shriman Babu Subodh Kumar Jain, Honorary Secretary of Shri Jain Siddhant Bhavan, who is carrying forward the activities of the Institute with great enthusiasm. Shri Risabh Chandra Jain deserves my whole hearted appreciation for preparing, editing and seeing through the press the Catalogue with fullest sincerity, ability and insight His associates also deserve applause for their due assistance I also thank my esteem friend Dr Rajaram Jain, who is a guiding force as the Honorary Director of the Institute

In the end I sincerely wish to see other volumes published as early as possible

Dr Gokul Chandra Jain
Head of Department of Prakrit
and Jainägam, Sampurnanand
Sanskrit Vishvavidyalay,
VARANASI

सम्पादकीय

Colophon : इति शास्त्रपूजा समाप्तम् ।

१६६०. शास्त्रपूजा

Opening : देखें, क्र० १६५८ ।

Closing : देखें, क्र० १६५७ ।

Colophon : इति श्री शास्त्रपूजा जी समाप्तम् ।

१६६१. शास्त्रपूजा

Opening : देखे, क्र० १६५८ ।

Closing : स्तुत्वेति ········ समुद्धरेत् ।।२।

Colophon : इति शास्त्रपूजा समाप्ता ।

१६६२. शास्त्रपूजा

Opening : देखें, क्र० १६५८ ।

Closing : देखें, क्र० १६५८ ।

Colophon : इति श्री शास्त्रपूजा सम्पूर्णम् ।

१६६३. शास्त्र जयमाला

Opening : सपयसुहकारण ··· ··· संयमकरणं ।।१।।

Closing : इय जिनवरवाणी ' ' णवि उत्तरई ॥१३॥

Colophon : इति श्री शास्त्रजिनवाणी की जयमाल सम्पूर्णम् ।

१९६४. शत्रुञ्जयगिरिपूजा

Opening : सिद्ध सिद्धार्थद सुद्ध सिद्धात्मान स्ववर्गगम् ।
ध्रौव्योत्पादगुणे युक्त वदे त जगहेतवे ॥

Closing : विश्वभूषण तस्य पट्टे प्रसिद्ध. कविनायक: ।
तेनेद रचित: पाठ' सत्रुंजयाख्याभिधानक: ॥

Colophon : इति श्री विशालकीर्त्यात्मजो श्री भट्टारक श्री विश्वभूषण विरचितं शत्रुञ्जय गिरिपूजा समाप्तम् सवत् सं १० ? वर्षे अश्विनी शुक्ल द्वितीयां पटनानामनगरे श्रीमूलसघे अवावती गच्छ भट्टारकाधिराज श्री सुरेंद्रकीर्तिजी तच्छिष्येण विनय ताविद तेजपालेनेय पूजा लिखिता । सत्रु जय पूजाया· कमलानि प्रथम वलये ।१॥ द्वितीय वलये ॥८॥ तृतीये ॥१२॥ चतुर्थे ॥१३॥ पचमे ॥३२ एव ६६॥ कल्याणमस्तु । इति सपूणम् ।

१९६५ सिद्धपूजा

Opening : उर्ध्वाधोरयुत सविदुसपर ब्रह्मासुरावेष्टितम्,
वर्गापूरितदिग्गतांबुजदल तत्संधितत्वान्वितम् ।
अत: पत्रतटेष्वनाहतयुत ह्रींकार सवेष्टितम् ,
देव ध्यायति सुमुक्ति सुभगो वैरीभकंठीरव ॥१॥

Closing : असमसमयसार चारुचैतन्यचिन्हम्,
परपरणतिमुक्त पद्मनदीन्द्रवद्यम् ।
निखिलगुणनिकेत सिद्धचक्र विशुद्धम्,
स्मरति नमति यो वा स्तौति सोभ्येति मुक्तिम् ।

Colophon : इति श्री सिद्धपूजा सम्पूर्णम् ।

देखें, दि० जि० ग्र० र०, पृ० २००
जै० सि० भ० ग्र० I, क० ६६० ।

१९६६. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : आवृष्ट सुरसपदं विदधति ' ' साराधनादेवता ॥

Colophon ; इति सिद्धपूजा जयमाला समाप्ता ।

१९६७. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : देखें, क० १९६५ ।

Colophon : इति सिद्धचक्रपूजा जयमाला समाप्तम् ।

१९६८. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing . देखें, क० १९६५ ।

Colophon : इति सिद्धचक्रपूजा समाप्ता ।

१९६९. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : देखें, क० १९६५ ।

Colophon : इति सिद्धपूजा समाप्ता ।

१९७०. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : जो पूजैं गावैं घृत चढावैं मन लगावैं प्रीति सौं ।
कुस्याल चन्द्र कहैं कहां लौं जस जिनौ का रीतसौं ।
जे नाम अक्षर जपैं हरषैं धन्य ते नरनारि हैं ।
प्रभु पतित तारन दुख निवारन भगत को निरतार हैं ।

Colophon : इति श्री सिद्धपूजा जी समाप्तम् ।

१९७१. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : देखें, क० १९६५ ।

Colophon : इति सिद्धपूजन प्रतिज्ञा सम्पूर्णम् ।

१९७२. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९७० ।

Closing : देखें, क० १९७० ।

Colophon इति श्री सिद्धमहाराज की पूजा सम्पूर्णम् ।

१९७३. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : सिद्ध बसैं ससार, सिद्धन की पूजा करो ।
आवागमन निवार, मन वच तन पूजा करो ।।

Colophon : इति सिद्धपूजा संपूर्णम् ।

१९७४. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : दीर्घायुरस्तु शुभमस्तु सुकीर्तिरस्तु सुदृष्टिरस्तु धनधान्य समृद्धिरस्तु आरोग्यमस्तु विजयोरस्तु भयोरस्तु पुत्रपौत्रोद्भवोरस्तु तव सिद्धप्रसादात् ॥१॥

Colophon : इति सिद्धपूजा सम्पूर्णम् ।

१९७५. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : कृत्याकृत्तिमचारुचैत्यनिलयान् दुष्कर्मणा शान्तये ॥

Colophon : नही है ।

१९७६ सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : देखें क० १९६५ ।

Colophon : इति सिद्धपूजा ।

१९७७. सिद्धपूजा

Opening : देखें, क० १९६५ ।

Closing : देखें, क० १९६५ ।

Colophon : इति सिद्धपूजा माला सम्पूर्णम् ।

१६७८. सिद्धपूजा

Opening : परम ब्रह्म परमातमा परम जोत परमीस ।
परम निरजन परम सिव नमो सिद्ध जगदीस ॥१॥

Closing : सुद्ध विसुद्ध सदा अविनासी .... जाने सो दीवाना आतम
को मह ॥

Colophon : संपूर्ण ।

१६७६. सिद्धपूजा

Opening : इत्थ चक्रमुपास्य दिव्य ध्यान फल न्यस्तुते ॥

Closing : आकृष्ट सुरमपदा विदधति मुक्तिश्रियोवश्यताम्........ पायात्प-
चनम कृपाक्षरमयी साराधनादेवता ॥१॥

Colophon नहीं है ।

१६८०. सिद्धक्षेत्र-पूजा

Opening : परम पूज्य चौबीस जिह जिह थानक सिव गये ।
सिद्ध भूमि निम दीस मन बच तन पूजा करो ॥१॥

Closing : जो तीरथ जावै पाप मिटावै ध्यावै गावै भक्ति करै ।
ताके जस कहिए सपति लहिए गिर के गुन को बुद्ध उचरै
॥१०॥

Colophon : इति श्री सिद्धक्षेत्र पूजा सम्पूर्णम् ।

१६८१. सिद्धचक्र-पूजा

Opening : जिनाधीस सिवईस नमि सहस गुणित विस्तार ।
सिद्ध चक्र पूजा रचों शुद्ध त्रियोग संभार ॥

Closign : जिन गुण करण आरम्भ हास्य कोधाम है।
बायस का नहिं सिंधु तारण को काम है ॥

Colophon इति श्री सिद्धचक्रपाठभाषा समाप्तम्।
संवत् १९६४ फाल्गुन शुक्ल ९ लिखितम् ॥

१९८२ सिद्धचक्र-पूजा

Opening : अरिहत पद ध्यातो थको दव्वह गुण परजाय रे।
भेद छेद करि आत्मा अरिहतरूपी थाय रे ॥

Closing : योग असख्य ते जिण कह्या नव पद मोक्ष ते जाणो रे।
एह तणें अविलबनें आतम ध्यान प्रमाणो रे। २१ वी० ॥

Colophon : अनुपलब्ध।

१९८३. सिद्धक्षेत्र-पूजा

Opening वदौ श्री भगवानकू भावभगत सिरनाय।
पूजा श्री निर्वान की सिद्धक्षेत्र सुखदाय ॥

Closing सवत् अष्टादश सही सत्तर एक महान।
भादौ कृष्ण जु सप्तमी पूरन भयौ सुजान ॥

Colophon : इति श्री सिद्धक्षेत्र पूजा समाप्तम्।

१९८४ सिद्धक्षेत्र-पूजा

Opening श्री आदीश्वर वदौ महान, कैलास सिखर तैं मोक्ष जांन।
चपापुर तैं श्री वासपूज, तिन मुकति लही अति हरषि हूज ॥१॥

Closing : देखें, क्र० १९८३।

Colophon : इति सिद्धक्षेत्र पूजा।

१६८५ शिखर-विलास-पूजा

Opening : जेठ शुक्ल चतुर्थ दिवस ········करिकै बहुत उछाह ।।

Closing : ··· ध्यावै सो सुख पावै रामचन्द्र निति सिरनावैं ।।

Colophon इति श्री शिखर विलास जी की पूजा सम्पूर्णम् । लिखते सीकर-मध्ये — मिति फाल्गुन सुदि अठाई संवत् १६४२ । का लिखते बैठराज दिवाण जी सुखलाल जी का पोता भूल चूक सुद्ध करो ।

विशेष—इसके Closing के पहले का बहुत से पत्र गायब हैं ।

१६८६ सील-बत्तीसी

Opening सीलवतीसीवर्णवउ ·· ···· · सदा सुमरो रिसहेस्वर ।१।।

Closing : हरिहर इद नरिंद नरसुर जप हिए कान्ताजेन नारी ।
संजम धरम सुगण अकू जपहि जसु ते हरि ।।

Colophon : इति सीलबतीसी समाप्तम् ।

१६८७. सिंहासन-प्रतिष्ठा

Opening : श्रीमद्वीरजिनेशानां प्रणिपत्य महोदयम् ।
नव्यासनस्य सूत्रेण शुद्धि वक्ष्ये यथागमम् ।।

Closing : नेत्रे द्व ··· नाशनकर गात्र पवित्रीकरम्
वात पित्तकफादिदोषरहित सूत्र च सूत्र भवेत् ।
पाप कर्म कुरोगनाशनपर राहुक्षय कुर्वते,
श्रीमत्पार्श्वजिनेन्द्रपादयुगल स्नानस्य गंधोदकम् ।

Colophon · इति शांतिधारा सम्पूर्णम् । शुभमस्तु । पौषमासे शुक्लपक्षे तिथौ ६ संवत् १६५५ । श्री इदं पुस्तक लिखावा भगवानदीन पंडित ।

देखें, जै. सि. भ. ग्र., क्र. ६६४ ।

१९८८. शीतलनाथ पूजा

Opening : सीतल जुगपद नमू धर्मदमधा इम भाष्यौ,
उत्तमषिमा सु आदि अंत ब्रह्मचर्यं सन्ध्यायौ।
सुनि प्रतिबोध हूयो भवि मोक्ष मारग कौं लागै,
आह्वानन विधि करु चलण जुग करि अनुरागै ॥१॥

Closing : पूर्वाषाढ़ नक्षत्र माघ वदि द्वादशी,
जनमैं श्री जिननाथ नियोगे सब हूसी।

Colophon अनुपलब्ध।

विशेष— इसके बाद अनन्तनाथ, पार्श्वनाथपूजा, शान्तिनाथ पूजा तथा पद्मावती पूजा अधूरी-अधूरी लिखी गई है।

१९८९ स्नानपूजा-विधि

Opening : प्रथम हुँ निस्सही पूर्वक देह रैं जी आवी अग,
सुद्ध करी नवा वस्त्र पहरी स्वभाल तिलक करिनै ।

Closing : देवचन्द्र जिन पूजतां करता भवपार।
जिन प्रतिमा जिन सारषी कही सूत्र मझार ॥

Colophon : इति स्नानपूजा विधि सपूर्णम्।

१९९० सोलहकारण-पूजा

Opening : एन्द्रं पद प्राप्य पर प्रमोद धन्यात्मनामात्मनिमन्यमान ।
दृक्-शुद्धिमुख्यादि जिनेन्द्रलक्ष्मी महामोह षोडशकारणानि ॥

Closing . भक्ति प्रदा सुरेन्द्रमस्तुतमिद तीर्थंकराणां पदम्,
लब्धु वांछति योनि (पि) वा चतुर ससारभीताशयै ॥
श्रीमद्दर्शनशुद्धिभूरिविनय ज्ञान तदा तत्फलम्।
भक्त्या षोडशकारणानि सतत सपूज्य आराधयेत् ॥

Colophon नहीं है।

१६६१. सोलहकारण-पूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ।
Closing : इय सोलाकारण — .... — सिद्धवर गणहियइ हरा ।
Colophon इति सोलाकारण पूजा जयमाल सपूर्णम् ।

१६६२ सोलहकारण-पूजा

Opening देखें, क्र० १६६० ।
Closing इण बहु भविय - — .. सुकम्पवि — ... ।
Colophon : अनुपलब्ध ।

१६६३ सोलहकारण-पूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ।
Closing : देखें, क्र० १६६१
Colophon . इति श्री सोलहकारण पूजा सम्पूर्णम् ।

१६६४. सोलहकारण-पूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ।
Closing : देखें, क्र० १६६१ ।
Colophon : इति षोडसकारण अंग पूजा समाप्ताः ।

१६६५. सोलहकारण-पूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ।

Closing : एई सोले भावना सहित धरै व्रत जोइ ।
देव इन्द्र नरविंद पद द्यानत शिव पद होइ ॥

Colophon : इति श्री सोलै कारण पूजा जी समाप्तम् ।

१६६६. सोलहकारण-पूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ॥
Closing : एते षोडशभावना – मोक्ष च सौख्यास्पदम् ॥
Colophon : इति श्री षोडशकारण जयमाला भाषा संस्कृत पूजा समाप्तम् ।

१६६७. सोलहकारणपूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ।
Closing : देखे, क्र० १६६१ ।
Colophon : इति षोडशकारण पूजा ।

१६६८. सोलहकारण-पूजा

Opening : देखें, क्र० १६६० ।
Closing : भविभवियणिवारण सोलहकारण पयडमिगुण-गण-सायर' ।
पणविवि तित्थकर — ··· ॥
Colophon : अनुपलब्ध ।

१६६६ सोलहकारण-पूजा

Openign सरब परब मैं बडा अठाई परब है,
नंदीश्वर स्वर जांहि लिए बहु दरब है ।
हमैं सकति सो नांहि इहां करि थापना,
पूजैं जिनग्रह प्रतिमा है हित आपना ॥

Closing : देखें, क० १६६५ ।

Colophon : इति सोलैकारण पूजा ।

२०००. सोलह्कारण-पूजा

Opening : मैया मेरी कूरिया हसुन ?
आवे मेरी कृरिया हसुन ।
लै खोज मेरी हम बहूहमको न विसरो ये कहमा ।
कर हे सीता वीसेर हम ॥१॥

Closing साझ सुवेरा वेर न जाने न जाने धूप अब बरखा जी ॥

Colophon : नही है ।

२००१ सोलह्कारण-पूजा

Opening सोलैकारन भाय तीर्थंकर जे भये,
हर्षे इन्द्र अपार मेरु पै ले गए ।
पूजा करि निज धन्य लख्यौ बहु चावसौं
हमहूं षोडस भावन भावें भाव सौं ॥

Closing देखे, क० १६६५ ।

Colophon · इति सोलह कारन पूजा सपूर्णम् । भाद्र शुक्ल १० गुरु सं० १६६५ आरा मे बाबू हरिदास ने लिखा बाबू अनतकुमार के पढ़ने हेतु । शुभम् ।

२००२. सोनागिरि-पूजा

Opening : जबूद्वीप मझार भरत क्षेत्तर कह्यौ,
आरज षड सुजान बड़ देसै लह्यौ ॥

सोनागिर अभिराम सुपर्वत है तहाँ ।
पच कोडि अर अरध मुक्ति पहुंचे तहाँ ॥

Closing : सोनागिर जैमाल का लघुमति कहि बनाय ।
पढ़ै गुनै जो प्रेम सो तिनको पातक जाय ॥१७॥

Colophon इति सोनागिरि पूजा सपूर्णम् ।

२००३· स्तवन जयमाल

Opening श्रीमन् श्रीजिनराजजन्मसमये इद्रादिहर्षायमान् ।
हस्ताब्धविराजमानत्रिपुरीपुष्पाजलि दापयन् ।
इन्द्राणीपरिवारभृत्यसहिता· देवागनावृत्यवान,
नानागीतविनोदमगलविधौ पूजार्थमादसौ ॥१॥

Closing : जिनवर वरमातामाननीय समर्थो स जयति जिनराज लालचद्र विनोदी ।
जिनवरपदपूज्य भावनेंद्रसुपूज्य सकलमलविमुक्त ते लभते विमुक्तिम् ।

Colophon इति श्री स्तवन जयमाल सम्पूर्णम् ।

२००४. स्वाध्याय पाठ

Opening · शुद्धज्ञानप्रकाशाय लोकालोकैकभानवे ।
नम श्री वर्द्धमानाय वर्द्धमान-जिनेशिने ॥१॥

Closing । उज्जोवण मुज्जोवण णिव्वाहण ' — भणिया ॥३॥

Colophon । इति स्वाध्याय पाठः ।

२००५. श्यामलयक्ष पूजा

Opening : महिषासीनकराष्ठासित नख-शिखसुन्दररूप ।
स्थापित यक्ष अष्टमजिना श्यामलरूप अनूप ॥

Closing : श्यामल यक्ष समर्चं अर्चं पूजे जो प्राणी ।
तनमन कर आह्लाद प्रगति रुचि हृदि हरषानि ।।
तेइ अन्न धन सौभाग्य अष्टगत पद मिलि जावै ।
अजितदास मन आस पूज एहि गहि सुख पावै ।।

Colophon : इति श्री श्यामल-यक्ष पूजा सम्पूर्णम् ।

२००६. तत्वार्थसूत्राष्टक-जयमाला

Opening : उदधिक्षीरसुनीरसुनिर्म्मलै कलशकाचनपूरितशीतलै ।
पवनपावनश्रीश्रुतपूजनै जिनजुहे जिनसूत्रमहं भजे ।।१।।

Closing : इति जिनमतसूत्रे ... ... मोक्षमार्गस्य भानु· ।।

Colophon इति तत्वार्थसूत्राष्टक जयमालसहित समाप्ता ।

२००७ तेरहद्वीप-पूजा

Opening : श्री अरिहंत प्रमाण करि पच परमगुरु ध्याइ ।
तिनके गुन बरनन करौं, मन वच सीस नवाइ ।।

Closing : अचल मेरु पश्चिम सुखकार कुमुद देश बसै निरधार ।
जिन मदिर तहाँ पूजो जाइ रूपाचल पर अरघ चढ़ाइ ।।

Colophon अनुपलब्ध ।

२००८. तीनलोक-सबधी-पूजा

Opening : यह विधि ठाडो होय कै प्रथम पढ़ै जो पाठ ।
धन्य जिनेश्वर देव तुम नासै कर्म जु आठ ।।

Closing तिहू जग भीतर श्री जिन मदिर बने अकिर्त्तम महासुखदाय ।

नर सुर खग कर वदनीक जे तिनको भविजन पाठ कराय ।।
धन धान्यादिक सपति तिनकै पुत्र पौत्र सुख होउ भलाय ।
चक्रिपद सुरपद खग इद्र होय कै करम नास शिवपुर सुखथाय ।।

Colophon : इति श्री तीनलोक-सबधी पूजा सपूर्णम् ।

२००९. तीसचौवीसी पूजा

२००६

Opening : सर्वौषडाह्वानम् मयुक्तान् ठ. ठ स्थापन-निष्टिनार्थान् ।।

Closing : सकलसुखधामात्रिकालस्य ..... शिवकान्ति ।।

Colophon : इति चौवीसी पूजा समाप्तम् ।

२०१०. तीसचौबीसी-पूजा

Opening : ॐ जय जय जय णमोऽस्तु णमोऽस्तु णमोऽस्तु ·· सव्वसाहूण ।।

Closing : जम्बूधातकपुष्करेषु नित्यमाप्नुते ।।

Colophon : इति मधुकरविनियौगात् सवणविभावशर्म्मणाविहिता सुहितकरो-
भव्यानां नद्यादचद्र तारा कनि इति पडित श्री भावशर्मकृत मधु-
करकारित त्रिंशतचतुर्विंशतिकार्चन समाप्तम् ।

२०११. उद्यापन

Opening : भवांभोधिनिमग्नाना जन्तुना तारणे क्षम ।
सम्थापयामि दशधा धर्म्मशर्म्मैककारणम् ।।

Closing : श्रीनाभीजिनीदो परमानदो परमसुखकरकारम् ।
भवसागरपार दुरधनिवार परम ··· ·· सुखकारम् ।।

Colophon : इति ।

२०१२. वर्द्धमान-पूजा

Opening : श्रीमतवीर हरैं भवपीर भरैं सुख सीर अनाकुल ताई ।
केहरि अंक अरी करि दंक नये शिव पंकज मोलि सुआई ।।
मैं तुमको इत थापत हौं प्रभु भक्त समेत हिये हरिषाई ।
हे करुना धन धारक देव इहाँ अब तिष्ठहु शीघ्रहि आई ।

Closing : श्री सनमति के जुगल पद जो पूजैं धरि प्रीत ।
वृंदावन सो चतुर नर लहै मुक्त नवनीत ।।

Colophon : इति श्री वीर वर्द्धमान पूजा समाप्तम् ।

२०१३. वर्तमानचौबीसी-पाठ

Opening : वंदो पाँचो परमगुरु सुरगुरवंदत जास ।
विघन हरन मंगल करन पूजत परम प्रकाश ।।

Closing : रिषभ देव को आदि अंत श्री वर्द्धमान जिनवर सुखकार ।
तिनके चरन कमल को पूजै जो प्रानी गुनमाल उचार ।।
ताके पुत्र मित्र धन जीवन सुख समाज गुन मिले अपार ।
सुरपद भोग भोगि चक्री ह्वै अनुक्रम लहै मोक्ष पदसार ।।

Colophon : इति श्री वर्तमान चौबीस तीर्थंकर जिन पूजापाठ वृंदावन कृत सम्पूर्णम् । ज्येष्ठ मासे शुक्लपक्षे तिथौ १५, भृगुवासरे संवत् १९५२ ।

विशेष—इसके नीचे कवि नाम वर्णन भी दिया गया है ।

२०१४. वर्तमानचौबीसी-पूजा

Opening : श्री आदीश्वर आदि जिन अंतनाम महावीर ।
बन्दौं मन वच काय सो मेटौं भव भय भीर ।।१।।

Closing : चौबीसो जिनराज की महिमा कही बताई ।
पढ़ै सुनै नरनारी सब सुर शिव पहुंचे जाई ।।४३।।

Colophon : इति श्री वर्तमान चौबीसी बास ठिठाने ? की पूजा सम्पूर्णम् । शुभमस्तु सिद्धिरस्तु । कल्यानमस्तु शुभ सम्वत् १८६० । मासोत्तमे मास अग्रहने मासे शुक्लपक्षे द्वादश्यां चन्द्रवासर पुस्तकमिद रघुनाथ सर्मने लेखि पट्ठनपुरमध्ये आलमगज निवसतु । लेखक पाठकयो मगलमस्तु ।। शुभ भूयात् ।

२०१५ वर्तमानजिननाम

Opening : नत्वा सिद्धसमूह च ज्ञानमूर्तिजिनप्रभम् ।
भरतैरावतास्थाना निनं· साक विदेहजं ।।

Closing भूतानागतवतर्मानजिन •• सद्भव्यसप्रार्थनात् ।।१०।।

Clolophon इति श्री अतीतवर्त्तमानागतपचभ रतैरावतत्रिशच्चतुर्विशतिका लौकिकाव्यवस्थाया वीक्ष्य कृता शुभचन्द्रेण जिनभक्तिरागात्चिर नन्दतु । इति त्रिशत्चतुर्विशतिका पूजा समाप्ता ।

२०१६. विद्यमान-बीसतीर्थ कर-पूजा

Opening : पूर्वापरविदेहेषु विद्यमान-जिनेश्वर ।
स्थापयामि अहम् अत्र शुद्धसम्यक्तहेतवे ।।१।।

Closing : श्री मदिरादियुग देवमजिन वीर्यमुनमम् ।
भूयात् भव्य सता सौख्य स्वर्ग-मुक्ति-सुखप्रद. ।।

Colophon : इति श्री बीस विद्यमान पूजा सपूर्णम् ।

२०१७. विद्यमान बीस पूजा

Opening देखे, क्र० २०१६ ।

Closing : ए बीस जिणेसर णमिय सुरासुर,
बिहरमाण मय सथुणिमा ।
जे भणई भणावइ अरु मनम वइ ,
ते पावइ सिव परमपय ॥

Colophon : इति बीस बहरमाण की पूजा जयमाल समाप्तम् ।

२०१८ विद्यमान बीस तीर्थ कर पूजा विधान

Opening : वदो श्री जिनबीसको वि हमान सुखखान ।
दीप अढाई क्षेत्र मे श्री विदेह शुभ थान ॥१॥

Closing : सम्वत्सर विक्रम विगत वसु जगग्रहमसि कद ।
ज्येष्ट शुद्ध प्रतिपद सुदि पूरन भयो सुछन्द ॥

Colophon : इति श्री सीमन्धरादि बीस तीर्थंकर पूजा समाप्तम् । शुभमस्तु ।
लिखा शिखिरचन्द भाद्रपद कृष्ण ग्यारह (एकादशी) वार
शुक्रको शुभ बेला पूर्ण करी । सो जयवन्त प्रवर्त्तो ।

२०१९ विद्यमान बीस तीर्थ कर-पूजा

Opening : श्रीमज्जबूधातुकीपुष्कराद्धद्वीपेषच्चार्यविदेहा शर स्यु ।
वेदा वेदा विद्यमानाजिनेद्रा प्रत्येक तास्तेषु नित्य यजामि ॥१॥

Closing : एते विंशति तीर्थपा अघहरा, कर्म्मारिविध्वसका,
ससारार्णव तारणैकचतुरा इद्रादिदेवैरिथा ।
अतातितगुणाकरा सुखकरा मोहाधकाराषहा,
मुक्ति श्रीललनाविलास ललिता रक्षतु वो भाक्तिकान् ॥१२॥

Colophon : इनि विंशतिविद्यमान तीर्थंकर पूजा समाप्ता ।

२०२० व्रत-विधान

Opening : चौदाशि ग्यारस ११ आर्वं ८ तीज ३ चौथ ४ एव उपवास ४५
भावनापचीसी व्रत दर्से १० पून्यो १५ एव उपवास २५ भावनां
वत्तीसी व्रत ।

Closing : *आश्विनन्या पूर्वमुपवास एक पूर्णे सप्तविंशति,*
नक्षत्रव्रते द्वितीयमुपवासस्वस्मां क्रियते ॥

Colophon : इति व्रत विधानम् ।

श्रुतपंचमी पर्व एवं श्री जैन सिद्धान्त भवन का
95 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

श्रुतपंचमी के पावन पर्व एवं श्री जैन सिद्धान्त भवन, आरा के 95 वाँ वार्षिकोत्सव के अवसर पर आप सभी महानुभावो, माताओ, बहनो विद्वज्जन, एवं उपस्थित भाई-बहनो का मैं हार्दिक अभिनन्दन करता हूँ। आप सभी को मालूम ही है कि आज का दिन अत्यन्त पावन एवं पुनीत दिन है। हम सभी इस महान् जैनागम एव श्रुत स्कन्ध यत्र की पूजा अर्चना के लिए एकत्रित हुए हैं जिस ग्रथ को ईसा पूर्व प्रथम शताब्दी मे आज के ही दिन ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को आचार्य पुष्पदन्त ने लिपिबद्ध पूर्ण किया गया था। आज भवन का 95 वाँ वार्षिक प्रतिवेदन आप सभी के सामने प्रस्तुत करते हुए हम गौरवान्वित हैं।

आज से 154 वर्ष पूर्व पितामह प० प्रवर बाबू प्रभुदास जी ने अपने अथक परिश्रम से प्राचीन ग्रन्थो का भण्डार एकत्रित किया। बाबू प्रभुदास जी के पौत्र राजर्षि देव कुमार जैन का ध्यान जब शास्त्रो की सुव्यवस्था की ओर गया तब भट्टारक श्री हर्षकीर्ति जी महाराज की प्रेरणा से इन्होंने श्री जैन सिद्धान्त भवन की स्थापना सन् 1903 ई० में आज ही के दिन कर एक अद्वितीय कार्य किया था और पितामह बाबू प्रभु दासजी द्वारा एकत्रित सभी ग्रन्थो को भवन को अर्पित कर दिया। साथ ही भट्टारक जी ने भी अपनी सम्पूर्ण हस्तलिखित ग्रन्थ को भवन को समर्पित कर दिया था।

आप जानते हैं कि शास्त्र भण्डारो का महत्त्व मन्दिरो, चैत्यालयों मूत्तियो के निर्माण एव पूजनादि से कम नही होता क्योकि तीर्थ करो, आचार्यों की वाणी इनमे सुरक्षित है। क्योंकि ज्ञान के बिना क्रियाकाण्ड इच्छित फलदायी नही होते। देव, गुरु एव धर्म का स्वरूप शास्त्रो मे निहित है।

प्राचीन काल में लोगो की स्मरणशक्ति प्रखर होती थी। शताब्दियों तक मौखिक पठन-पाठन की परम्परा थी किन्तु काल एव परिस्थितियाँ बदलती गयी। लोगो की स्मरणशक्ति क्षीण पड़ती गयी। ऐसी स्थिति में जिनवाणी के लुप्त होने की सम्भावनाए बढती गयी। उस समय श्रुतधर आचार्य धरसेन जी महाराज को जब यह आभास हुआ कि ज्ञानधारा लुप्त होती जा रही है तो उन्होंने आगम ग्रन्थों को लिपिबद्ध करने के निमित्त गिरनार पर्वत पर अपने दो शिष्यों मुनि पुष्पदन्त और मुनि भूतबलि के सहयोग से जैन धर्म के प्रमुख अगम षट्खण्डागम को लिपिबद्ध कराने का कार्य प्रारम्भ किया। प्रथम शिष्य मुनि पुष्पदन्त जी इसे अपने जीवन काल मे पूर्ण न कर सके किन्तु द्वितीय शिष्य मुनि भूतबलि ने पूर्व प्रथम शताब्दी

को आज ही के दिन ज्येष्ठ शुक्ल पंचमी को उक्त जैन वाङ्मय वाणी षट्-खण्डागम को पूर्ण किया। इसी कारण आज का दिन ज्येष्ठ शुक्ल पचमी श्रुतपचमी पर्व के नाम से प्रसिद्ध हुआ। सम्पूर्ण भारत में लोग आज के दिन षट्खण्डागम की पूजा, आरती विभिन्न प्रकारके उत्सव मनाकर सम्पन्न करते हैं।

जैन परम्परा मे पहले ताडपत्रो पर ये शास्त्र लिखे जाते थे। धीरे-धीरे हस्तनिर्मित कागज का अविष्कार हुआ और कागज पर ग्रन्थों को लिपिबद्ध किए जाने की परम्परा प्रारम्भ हुई। जैन सिद्धान्त भवन मे केवल जैन ग्रन्थ की ही नही अपितु जैनेतर धर्मों को मिलाकर लगभग 7000 हस्त-लिखित ग्रन्थ सगृहीत हैं।

इस वर्ष सन् 1997-98 मे हिन्दी की 30 छपी पुस्तकें, अग्रेजी की 20 छपी पुस्तकें बढायी गयी। आज इस ग्रन्थागार में 12,000 छपी हिन्दी बगला, कन्नड, गुजराती आदि विभिन्न भाषाओ की पुस्तक हैं, 5000 अग्रेजी मे छपी दुर्लभ एव बहुमूल्य ग्रथो का सग्रह एव लगभग 7000 हस्तलिखित एव 1700 ताडपत्रीय ग्रथ सुव्यवस्थित ढग से सगृहीत है।

ग्रन्थो के रख रखाव एव उनकी सुरक्षा हेतु समय समय स्टौक चेकिग, लेवरिंग, बाइण्डिग आदि कार्य चलता रहता है।

श्री जैन सिद्धान्त भवन ग्रन्थागार के प्रकाशन विभाग द्वारा हिन्दी मे श्री जैन सिद्धान्त भास्कर तथा अग्रेजी के "जैन एन्टीक्वायरी" का प्रकाशन 1912 से ही सुव्यवस्थित ढग मे चलता आ रहा है। इन दोनों शोध पत्रिकाओ मे जैन साहित्य, पुरातत्व, इतिहास एव कला सम्बन्धी सैकडो महत्त्वपूर्ण लेख प्रकाशित होते चले आ रहे हैं। जल्द ही हम भास्कर का 50-51 वाँ अक प्रकाशित करने जा रहे हैं।

इसके अतिरिक्त ज्ञान प्रदीपिका, प्रतिभा लेख सग्रह मुनिसुव्रत काव्य, वैद्यसार, सचित्र जैन रामायण श्री जैन सिद्धान्त भवन ग्रथावली (दो भागोमें) तथा भास्कर भाग 1 से 3। तक छपे लेखो की सूची पुस्तक रूप मे प्रकाशित है। भाग-49 किरण 1-2 मे 31 से 46 तक के अको के लेखो की सूची भी छापी जा चुकी है। शोध कर्त्ताओ की सुविधाओं को ध्यान मे रखते हुए बहुमूल्य तथा दुर्लभ ग्रन्थो की जेरोक्स कापी करवाकर भी देने की व्यवस्था हम करते हैं।

श्री जैन सिद्धान्त भवन का सदुपयोग सरस्वती पूजा, लक्षण पर्व, श्रुतपचमी, वार्षिकोत्सव कवि गोष्ठी महावीर जयन्ती एव मुनिवरो के उपदेश आदि विभिन्न धार्मिक एवं सास्कृतिक कार्यक्रम के लिए भी किया जाता है। आरा नगर के मध्य अनुपम एव स्वच्छद वातावरण मे स्थित यह ग्रन्थागार दर्शनीय एव वदनीय है। इसके कण-कण मे धर्म, कला एव सस्कृति की त्रिवेणी लोगो मे चेतना के बीज बो रही है।

श्री जैन सिद्धान्त भवन में 60 साप्ताहिक, मासिक, षाण्मासिक शोध पत्र पत्रिकाएँ देश-विदेश से श्री जैन सिद्धान्त भास्कर के परिवर्तन में आती हैं।

श्री जैन सिद्धान्त भवन में विडियो-आडीयो कैसेट की लाइब्रेरी है जिसमें जैन तीर्थ स्थलों, मस्तकाभिषेक, रवीन्द्र जैन, मुनि महाराजों, पं० गणेश प्रसाद वर्णी जैसे संतों आदि के प्रवचन एवं जैन भजन आदि के विडियो कैसेट 15 एवं आडीयो कैसेट 20 तथा हस्तलिखित ग्रंथों की माईक्रो फिल्म भी संगृहीत हैं।

शोधकार्य के क्षेत्र में भी श्री जैन सिद्धान्त भवन के अन्तर्गत श्री देवकुमार जैन शोध संस्थान अपनी निःशुल्क सेवा प्रदान कर रही है। इस शोध संस्थान को मगध-विश्वविद्यालय से मान्यता प्राप्त है। यहाँ की प्रचुर सामग्री ग्रन्थ, पत्र-पत्रिकाएँ ताडपत्रीय-ग्रंथ आदि अत्यन्त उपयोगी हैं। यहाँ जैन साहित्य का ही नही जैनेतर साहित्य प्राकृत, अपभ्रंश, संस्कृत, हिन्दी, अंग्रजी आदि विविध भाषा विषयक दुर्लभ ग्रंथ आदि शोध कार्य हेतु प्रचुर मात्रा मे उपलब्ध हैं। इसी वर्ष ग्रंथालय मे लगभग 100 पुस्तकें निर्गत की गयी हैं। जैनागम के प्रसिद्ध विद्वान् डॉ० राजाराम जैन मानद शोध निदेशक के रूप में क्रियाशील हैं तथा इनके निर्देशन में शोधार्थी शोध कार्य कर रहे हैं। इस वर्ष शोध निदेशक के रूप में वैशाली शोध संस्थान के विख्यात प्राध्यापक डॉ० लालचन्द्र जैन ने भी अपना सहयोग देने की स्वीकृति दी है।

श्री जैन सिद्धान्त भवन ग्रंथागार के तत्त्वावधान में निर्मल कुमार चक्रेश्वर कुमार जैन कला-दीर्घा की स्थायी प्रदर्शनी प्रभु शान्ति नाथ जैन मन्दिर पर दर्शनार्थियों के लिए नित्य खुली रहती है। इस कला-दीर्घा में प्राचीन एवं आधुनिक चित्रकारों द्वारा बनाए गए चित्रों के अतिरिक्त प्राचीन सिक्के, सुप्रसिद्ध विद्वानों के पत्रों एवं ताडपत्रीय ग्रन्थ एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों का अनुपम संग्रह है। जिसे देखने हजारों-हजार की संख्या मे दर्शनार्थी भारत के विभिन्न भागों से आते हैं, और इसे देखकर इनकी भूरी-भूरी प्रशंसा करते हैं।

इसकी एक शाखा, दिगम्बर जैन महावीर कीर्ति सरस्वती भवन राजगृह मे स्थापित है। दिसम्बर, '93 मे भगवान बाहुबलि मस्तकाभिषेक के समय इसकी एक और शाखा श्री जैन बाला विश्राम, धर्मकुञ्ज, धनुपुरा आरा मे "पैनोरमा ऑफ जैन आर्टस" के नाम से खोली गयी जिसमें देश के उत्कृष्ट जैन मन्दिरों के फोटो चित्र प्रदर्शित हैं।

मैं भवन की प्रबन्धकारिणी के सभी सदस्य पदाधिकारियों एवं कार्यकर्त्ताओं के प्रति अपना अनुग्रह प्रकट करता हूँ, जिनके बहुमूल्य सहयोग से जैनागम की सेवा निरन्तर हो रही है। आज इस अवसर पर

उपस्थित सभी माताओं, बहनों, भाई बन्धुओं के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करता हूँ जिनकी उपस्थिति से यह कार्यक्रम सानन्द सम्पन्न हो रहा है।

हमे पूर्ण विश्वास है कि आपका सहयोग भविष्य में भी प्राप्त होता रहेगा।

और अन्त मे आप सभी से मेरी करबद्ध प्रार्थना है कि श्रुतपञ्चमी पूजा पूर्ण कर जब आप अपने-अपने घर जाएंगे तो अपने मन्दिर में रखे या घर मे रखे, शास्त्रो की साफ सफाई कर जहाँ तक सभव हो, शास्त्रों को वेस्टन मे लपेटकर रखे। तभी श्रुतपञ्चमी पर्व पर जिनवाणी माता की पूजा हमारे लिए सफल होगी।

जय जिनेन्द्र, जय जिनवाणी।

अजय कुमार जैन
मानद मत्री

पराग जैन
सयुक्त मत्री द्वारा पठित

●

मूडबिद्री जैनमठ के भट्टारक स्वामीजी दिवंगत

कर्नाटक में दिगम्बर जैन संस्कृति के महत्त्वपूर्ण प्राचीन केन्द्र मूडबिद्री में जैनमठ के पीठासीन पट्टाचार्य, स्वस्ति श्री ज्ञानयोगी चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी का भट्टारक-भवन मे ता० 15 जनवरी 98 को अचानक और आकस्मिक स्वर्गवास हो गया। अतिम रात्रि मे कोई भी व्यक्ति उनके पास नही था। मध्याह्न में दरवाजा तोडकर जब लोग उनके कक्ष मे गये तो वहां उन्हे मृत पाया गया। समझा जाता है कि रात्रि में सोते समय हृदयघात से उनका निधन हुआ होगा।

लगभग पैंतीस वर्ष पूर्व मूडबिद्रीका एक किशोर धर्मराज शेट्टी, जैन विद्याओं के अर्जनका अभिप्राय लेकर दक्षिण से उत्तर भारत मे आया। सागर, कटनी तथा वाराणसी के जैन विद्यालयो मे तथा आरा के जैन-सिद्धान्त-भवन मे उसने विद्यार्जन किया और श्री महावीर निर्वाण महोत्सव-वर्ष 1974 में, दिल्ली मे भारतीय ज्ञानपीठ तथा वीर सेवा मन्दिर मे सहायक के रूप में कुछ समय तक साहित्य सेवा का कार्य किया। इसी बीच प्राय पच्चीस वर्ष से "गुरुविहीन" मुडबिद्री भट्टारकपीठ के लिये उनका चयन हुआ तथा परम्परानुसार श्री जैनमठ श्रवण बेलगोल के स्वस्ति श्री चारुकीर्ति भट्टारक स्वामीजी ने क्षुल्लक दीक्षा प्रदान करके मूडबिद्री के पीठासीन भट्टारक के रूप मे उन्हे पट्टाभिषिक्त कराया। इस प्रकार उस विख्यात जैन पीठको लगभग 22 वर्ष तक उन्होने कुशलता-पूर्वक सचालित किया।

मठकी अनेक अचल सम्पत्तियो के दीर्घकालीन विवाद सुलझाकर, उन पर पुन मठका स्वत्वाधिकार स्थापित करना स्वामीजी के कार्यकालीन उल्लेखनीय उपलब्धि मानी जायेगी।

दक्षिण काशीके भट्टारक बनकर भी स्वामीजी ने उत्तर भारत से जीवन्त-सम्पर्क बनाये रखा। मध्यप्रदेश राजस्थान, गुजरात, उत्तरप्रदेश, बिहार, बगाल और आसाम तथा नागालैण्ड तक उन्होने बार-बार दूर-दूर तक यात्राएं की। पूज्य गणेश प्रसादजी वर्णी पूज्य आर्यिका विशुद्धमती माताजी तथा पूज्य आचार्य विद्यानन्द के प्रति उनकी विशेष भक्ति ज्ञान-दाता विद्वानों का उन्होने सदा सम्मान किया। उनकी छात्र अवस्था से लेकर अन्त तक मेरा उनसे घनिष्ठ सम्पर्क रहा। उनके जाने से मैंने एक आदरणीय मित्र खो दिया है।

उन्होंने आस्ट्रेलिया, इंग्लैण्ड और जापान आदि अनेक देशों का भ्रमण किया था। उनके निधन का समाचार फैलते ही दूर-दूर से मठ के शुभचिन्तक

और भक्तगण मूडबिद्री में एकत्र हो गये। श्रवणबेलगोल मठ के कर्मयोगी चारु-कीर्ति स्वामीजी ने स्वय पधारकर अंत्येष्टि कराई तथा मठ का चार्ज ग्रहण किया। इस अवसर पर हुमचा के श्रीदेवेन्द्रकीर्ति स्वामीजी तथा कारकल और नरसिंहराज्य पुरा के भट्टारक और कनकगिरि के नव-दीक्षित भट्टारक श्रीभुवनकीर्ति स्वामीजी उपस्थित रहे।

धर्मस्थल के धर्माधिकारी श्रीयुत वीरेन्द्रजी हेगडे, केन्द्रीय मंत्री श्री धनंजय, पूर्वमंत्री श्री अमरनाथ शेट्टी, विधायक अभयचन्द, नगर अध्यक्ष श्री शैणाय सहित हजारों की सख्या में लोगो ने शव-यात्रा में भाग लिया। श्री शांतिराज शास्त्री श्रवण बेलगोला तथा श्री देवकुमार शास्त्री, प्रभाकराचार्य और श्री धर्म साम्राज्य एव डाक्टर आरिगा ने व्यवस्था का सचालन किया।

— नीरज जैन सतना

श्री मुडबिद्री क्षेत्र के पूज्य भट्टारक जी के देहावसान पर

आज दिनांक 7-2-98 की अपराह्न 2 बजे से श्री जैन सिद्धान्त भवन आरा की एक सभा श्री सुबोध कुमार जैन जी की अध्यक्षता में देवाश्रम आरा में हुई जिसमें निम्न महानुभाव उपस्थित रहे।

1	श्री सुबोध कुमार जी जैन	ह०/
2.	श्री प्रो० अ० श्याम मोहन अस्थाना	ह०/
3.	श्री नन्देश्वर प्रसाद जी जैन	ह०/
4.	श्री अभय कुमार जी जैन	ह०/
5	श्री मुकेश कुमार जैन	ह०/
6.	श्री नेमि चन्द जैन	ह०/
7	श्री प्रो० डा० राकेन्द्र चन्द जैन	ह०/
8	श्री अतुल कुमार जी जैन	ह०/

टाइम्स ऑफ इण्डिया दिल्ली के अंक मे दिनांक 2-2-98 को दु:खद समाचार प्रकाशित हुआ कि मूडबिद्री के परम पूज्य भट्टारकरत्न श्री चारुकीर्ति जी महाराज मूडबिद्री को समाधिमरण (देहान्त) दिनांक 11-1-98 गुरुवार को हो गया। इसके पूर्व उन्हें दिल का दौरा पड़ा था। श्रद्धेय भट्टारक जी का आरा नगरी मे दो बार पदार्पण हुआ और उनके द्वारा श्री शांतिनाथ मन्दिर, जैन सिद्धान्त भवन तथा अन्य स्थानों पर बहुत धार्मिक एवं प्रभाव-शाली प्रवचन हुए थे। आरा नगर के जैन-जैनेतर समाज ने इसका लाभ उठाया। तदुपरान्त पावापुरी जी, राजगृह व अन्य तीर्थों की वन्दना करते हुए अपने धर्मोपदेश दिये। वे श्री जैन सिद्धान्त भवन की प्रशासनिक समिति में अध्यक्ष थे और उत्साहपूर्वक अपना नेतृत्व हमे दिया।

विदेशो में विगत 5-6 वर्षों से उन्होने भ्रमणकर विदेशी एव भारतीय मूल के निवासियो के बीच अपना धार्मिक प्रवचनो आदि के द्वारा जैन सिद्धान्तों का प्रचार एव प्रसार किया। उनके असामयिक निधन से आरा वासी काफी दुखित हैं। आज उनकी दिवंगत आत्मा की शान्ति हेतु एक मिनट का मौन धारण कर वीर प्रभु से प्रार्थना की गई कि उनको आत्मा को शान्ति प्रदान प्रदान करें एवं इस प्रकार अपनी विनयांजलि समर्पित की गई।

श्री जैन मठ मूडबिद्री के व्यवस्थापक ट्रस्टियों को इस प्रस्ताव की प्रतिलिपि भेजने का निर्णय लिया गया।

ह०/
सुबोध कुमार जैन

पाठकों के उद्गार

अंक मे प्रकाशित सामग्री—यथेष्ट ज्ञानवर्धक व उपयोगी है। पुस्तक की छपाई स्पष्ट व सुन्दर है—तथा गेट-अप आकर्षक है। लेख—जैन दर्शन और कर्म—एक चिन्तन' मे एक नया सोच प्रगट हुआ है—प्रो० डॉ० राजा राम जी जैन का लेख "इक्कीसवी सदी की दस्तक एवं जैन समाज के उत्तरदायित्व" एक मील के पत्थर की तरह दिशा निर्देश देने मे सफल हैं। बधाई ।।

भवदीय
इन्दर चन्द पाटनी
व्यवस्थापक
सरस्वती भण्डार, अजमेर
12-8-97

(२)

जैन पत्रकारिता के क्षेत्र मे "जैन सिद्धान्त भास्कर" त्रैमासिकी वस्तुत. भास्करवत ही प्रकाशमान है। इसमे शोध / खोज से परिपूर्ण आलेखो की प्रस्तुति जैन विद्या के अध्येताओ के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है सम्पादक जी के परिश्रम का परिणाम ही इतनी सुन्दर शोध पत्रिका समाज को प्राप्त हो रही है। आलेख भी भेजू गा। एक दो आलेख—श्रवकाचार के प्रेक्ष्य मे अपेक्षित है।

अभारै

भवदीय
ह० श्रेयास कुमार जैन
वडोदा
22-10-97

(३)

मान्यवर महोदय,

सादर जय जिनेन्द्र

"जैन सिद्धान्त भास्कर" दिसम्बर '96 प्राप्त हो गया था जिसका हार्दिक धन्यवाद। यह पत्रिका अपना एक उचा स्थान रखती है। इसमे जितने भी लेख होते हैं, वह सभी बहुत खोजपूर्ण जानकारी से ओत-प्रोत होते हैं, यह वास्तव मे प्रेरणादायक है। इसकी जितनी भी प्रशसा की जाय कम है। आपका कार्य बहुत सराहनीय है।

शेष शुभ।

मगल कामनाओं सहित
ह० सुमेर चन्द जैन
सम्पादक, वर्णी प्रवचन
15 प्रेमपुरी, मुजफ्फरनगर-251002
15-8-97

(४)

प्रिय भाई,

आपका पत्र मिला भास्कर का वाल्यूम 49/1996 डॉक से यथा समय मिल गया था मैं उस समय विदेश यात्रा पर था अत: पत्र नही जा सका इसका मुझे खेद है।

भास्कर इस भीषण महँगाई और पत्रकारिता के पतन युग में भी आपना स्तर और निरन्तरता बनाये चल रहा है, यह सचमुच सराहनीय है। यह वाल्यूम अभी पढ़ नही पाया हूँ। बाद मे आपको लिखूगा।

धन्यवाद सहित—

भवदीय
नीरज जैन
शान्ति सदन, सतना
मध्य प्रदेश-485001
22-8-97

पुस्तक समीक्षा

पुस्तक का नाम — अमर जैन शहीद"
सम्पादक— डॉ कपूरचन्द्र जैन एव डॉ० श्रीमती ज्योति जैन
प्रकाशक —श्री कैलाश चन्द जैन स्मृति न्यास
मार्फत —डॉ० कपूरचन्द्र स्टाफ क्वार्टर न० 6
कुन्दकुन्द जैन महाविद्यालय, खतौली 251201
मुजफ्फर नगर (उ० प्र)
मू० 40/- जैन विद्वानो एव छात्रो के लिए रियायती मू० 20/-

प्रेषित अमर जैन शहीद की प्रति मिली। यह आपने ठीक ही किया कि जैन शहीदो की अलग से पुस्तक छपाई और 500-600 जैन स्वतत्रता सेनानियो की जीवनियो को जो आपने इकट्ठा किया जिसे बाद मे कुछ किस्तो में छापने की योजना है। भारत वर्ष को पाच भौगोलिक हिस्सो में बाटकर प्रदेशों के हिसाब से प्रकाशित होना चाहिए।

अमर जैन शहीद मे आरा नगर के शहीद श्री मनोहर जैन का नाम आना चाहिए था, जिनका परिचय मैंने आपके पास भेजा था। आरा के स्वतत्रता सेनानियों मे अपनी सहादत के कारण ही वे स्वतत्रता सेनानियों में अग्रणी माने जाते हैं। दुर्भाग्य से उनका कोई चित्र उपलब्ध नहीं है वरना मूर्ति अवश्य स्थापित करवाई जाती। वर्तमान पुस्तिका में आपने अधिक से अधिक चित्रों को उपलब्ध करने का प्रयत्न अवश्य किया होगा क्योंकि इसमे शहीदों का चित्र बहुत कम है। छपाई कागज आदि सतोष जनक है। इस प्रकाशन के लिए बधाई,

—सुबोध कुमार जैन

पुस्तक समालोचना

1—महाकवि आ० ज्ञानसागर के हिन्दी साहित्य की मौलिक विशेषताएँ 2—महाकवि आचार्य ज्ञानसागर अध्यात्म सदोहन 3—महाकवि आचार्य ज्ञानसागर के संस्कृत साहित्य में प्रकृति चित्रण 4—आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज इगलिश मे जीवनी 5—सतखजा के सन्त 6—विद्यासागर की लहरे 7—महामनीषि आ० विद्यासागर शोध—निर्देशिका 8—जीवन और साहित्यिक अनुदान।

उपर्युक्त पुस्तकें महामनिषि आचार्य श्री विद्यासागर जी साहित्य की विशाल शृंखला में प्रेषित 8 पुस्तकें प्राप्त हुई।

जैन साहित्य और दर्शन के क्षेत्र मे और उससे भी आगे बढकर भारतीय साहित्य के क्षेत्र मे पू० मुनिराज विद्यासागर जी का अवदान कभी भुलाया नही जा सकता। उनके द्वारा मूक माटी का जो अद्‌भुत लेखन हुआ है उसका सर्वत्र हिन्दी साहित्य के क्षेत्र मे अपूर्व स्वागत हुआ है। मुक माटी पर तो आधारित इस ग्रन्थ की प्रशसा में अनेक पुस्तक लिखी गई है।

पू० मुनिराज महाकवि आ० ज्ञानसागर जी जो कि स्याद्‌वाद महाविद्यालय काशी के छात्र थे। उनके ही दीक्षित होकर और अन्त मे अपने ही दीक्षा गुरू के द्वारा आ० पद का त्याग करना और उसके पूर्व अपने शिष्य विद्यासागर जी को आ० पद प्रदान करना, अपूर्व घटना हुई जिसकी मिशाल खोजना असभव है।

मुनि महाकवि आ० ज्ञानसागर जी महराज की साहित्य साधना के विषय में उपयुक्त पुस्तको की क्रम सख्या 2—महाकवि आचार्य ज्ञानसागर आध्यात्म सदोहन 3—महाकवि आचार्य ज्ञानसागर के सस्कृत साहित्य मे प्रकृति चित्रण और हिन्दी साहित्य की मौलिक विशेषताएँ जो कि श्री जैन सिद्धान्त भास्कर में अन्य पुस्तकों के साथ समीक्षा हेतु प्राप्त हुई है, ये तीन पुस्तक भी आ० विद्यासागर जी महाराज की अद्‌भुत गुरूभक्ति को दर्शाती है।

पूज्य आचार्य ज्ञानसागरजी महाराज के विषय में इसके पूर्व भी अनेक साहित्य प्रकाशित हो चुके है और अपनी अद्‌भूत गुरूभक्ति के उदाहरण स्वरूप आ० श्री विद्यासागर जी महाराज अपने पूज्य गुरू की लेखनी से निकले सभी अप्रकाशित पाण्डुलिपियो को प्रकाशित करवा चुके हैं।

अपने परम श्रद्धेय दीक्षा गुरू के साहित्य को प्रकाश मे लाने का श्रेय आ० श्री विद्यासागर जी को हैं। उपर्युक्त सभी साहित्य पठनीय है और देश के सभी पुस्तकालयो मे तथा स्कूल और कॉलेजों मे, रखे जाएँ, ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। क्रम सख्या (1-2-3)

4. अंग्रेजी भाषा में आ० श्री विद्यासागर जी महाराज की लघु जीवनी को डा० बड़े लाल जैन द्वारा हिन्दी भाषा में लिख कर तथा उसका अंग्रेजी में अनुवाद डा० लालचन्द जैन से करवाकर प्रकाशित हुआ है। इन दोनों महामन्त्री के कार्य, गागर में सागर के समान प्रतीत होते हैं और जो लोग हिन्दी भाषा-भाषी नही है, उनके बीच अंग्रेजी की यहपुस्तक वितरण करनी चाहिए।

5 'सतलजा' के सन्त आ० श्री विद्यासागरजी महाराज की जीवनी है जिसे कवि लाल चन्द जैन ने हिन्दी कविता मे लिखकर अपने पूज्य सन्त के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित किए हैं।

6. 'विद्यासागर की लहर" का प्रकाशन दि० जैन युवक सघ, सागर वालो ने सन्त शिरोमणि आ० श्री विद्यासागर जी महाराज के रजत दीक्षा के अवसर पर अपनी विनम्र प्रस्तुति प्रकाशित की है। पुस्तकों के द्वारा तथा उनके द्वारा दीक्षित वर्तमान शिष्य-परिचय, आदि जो लिखे हैं, वे सभी पठनीय है और इतिहास की दृष्टि से अत्यन्त उपयोगी है।

7. महाकवि आ० विद्यासागरजी साहित्य साधना एव शोध निर्देशिका मुनि श्री सुधासागर जी महाराज के पूज्य आचार्य श्री द्वारा रचित सभी साहित्य पर शोध करने के लिए उपयोगी पुस्तिका लिखी है।

8 डा० विमल कुमार जैन द्वारा लिखित महामहिषि मुनि विद्यासागरजी महाराज की जीवनी एव उनका साहित्यिक अवदान। विद्यासागर साहित्य के शोध के सन्दर्भ में अत्यन्त उपयोगी प्रसिद्ध होगी और जैन अध्येताओ के लिए अनुसधान के क्षेत्र में, उपयोगी है।

कुरल-काव्य का नवीनतम प्रकाशन श्री कुन्द कुन्द भारती नई दिल्ली द्वारा हुआ है। सन्त श्री एलाचार्य द्वारा विरचित तिरुक्कुरल एक ऐसा काव्य ग्रन्थ है जिसे जैन और अजैन विद्वानो मे एक समान आदर प्राप्त हुआ। कबीरवादी इसे पचम वेद मानते हैं। इस नीति ग्रन्थ मे जो कि तमिल भाषा का ग्रन्थ है किसी धर्म या दर्शन का सिद्धान्त नही बताएं हैं अपितु सूक्तियो का सकलन है। यह किसी धर्म या समुदाय का नही है। इसी कारण इसाई लेखको ने इसे इसाई ग्रन्थ माना है। कबीर पन्थी इस ग्रन्थ को लेखक जुलाहा बताते हैं, हिन्दू लेखक हिन्दु मानते हैं और श्री ए० एन० चक्रवर्ती ने यह विश्वास व्यक्त किया है कि यह ग्रन्थ आ० कुन्द कुन्द का लिखा है।

प० गोबिन्द राय जैन शास्त्री ने इसका अनुवाद किया था। अब पुन आ० विद्यासागर जी महाराज की प्रेरणा से डा० सुधीर जैन ने सम्पादन किया है। श्री कुन्द-कुन्द भारती ट्रस्ट द्वारा प्रकाशन के क्षेत्र मे बराबर नयी नयी रचनाएं आ रही हैं और आ० श्री विद्यानन्द जी महाराज जी का नेतृत्व इस सस्थान को मिल रहा है। कीमत 50/-

प्रतिष्ठा रत्नाकर हिन्दी भाषा मे सुप्रसिद्ध प्रतिष्ठा रत्नाकर पं० गुलाब चन्दजी पुष्प 019 पृष्ठों की एक अद्‌भूत कृति पू० आ० विद्या विमल सागर जी महाराज के शुभाशिर्वाद से प्रतिष्ठा की विधियाँ विस्तृत रूप से इसमे एकत्रित की गई है। और यह विशाल पुस्तक सभी प्रतिष्ठा कारको के लिए अत्यन्त उपयोगी है।

प० गुलाब चन्दजी से हमारा परिचय राजगीर के पहले पर्वत पर बाबू छोटे लाम की प्रेरणा मे भगवान महावीर की प्रथम देशना स्मारक रूप मे जो प्रतिष्ठा हुई थी, उसी में प्रतिष्ठाकारक के रूप मे हुआ था। इस प्रतिष्ठा में इन्द्र-इन्द्राणी क्रमश: साहु अशोक कुमार जैन और उनकी पत्नि बने थे और बहुत विशाल तौर पर इस प्रतिष्ठा का आयोजन करने का सौभाग्य हमे प्राप्त हुआ था। इसके प्रतिष्ठा कारक के रूप में प० गुलाबचन्द जी को बहुत निकट से देखने समझने का अवसर मिला था। प्रतिष्ठा के समस्त कार्यक्रम गौरवपूर्वक और प्रतिष्ठा रत्नाकर की प्रति देश के सभी जैन ग्रन्थागारों में एव देश के सभी नगरो के प्रमुख मन्दिरो मे अवश्य होनी चाहिए। इससे सभी को जानकारी होगी कि प्रतिष्ठा का विधान किस प्रकार और कैसे शुद्ध रूप मे सम्पन्न किया जा सकता है। इस ग्रन्थ के लेखक प० गुलाब चन्द जी पुष्प को हार्दिक बधाई देता हूँ और इसके प्रकाशक प्रति बिहार जैन समाज दिल्ली को साधुवाद देता हूँ।

कीमत 200/-

●

छपते-छपते

दिल्ली, से बहुत दु खद समाचार आया है कि साहू अशोक कुमार जी हृदय रोग से अस्वस्थ चल रहे थे, पर अब बीमारी ने घोर रूप ले लिया और उनके ईलाज के लिए अमेरिका ले जाया जा रहा है। यह भी सूचना मिली है कि उनके हृदय प्रत्यारोपण का विचार चल रहा है जो कि केवल अमेरिका मे ही सम्भव है।

हमारे परिवार तथा साहू परिवार का सम्बन्ध उस समय से है, जब 60 वर्ष पूर्व हमलोगो ने मिलजुलकर, डालमिया बन्धु के साथ पटना के पास बिहटा मे, एक वृहद चीनी मिल की स्थापना की थी। हमलोग एक साथ ही बिहटा मे रहते थे। बिहटा मिल की स्थापना के उपरान्त ही साहू अशोक कुमार जी के पिता स्वर्गीय शाति प्रसाद जी के साथ सेठ रामकृष्ण डालमिया, की एक मात्र पुत्री श्रीमती रमा डालमिया के विवाह का निर्णय, बिहटा मे ही लिया गया था। यही साहू जी से परिचय करने और उन्हे देखने सुनने के लिए उन्हे बिहटा मे ही निमन्त्रित किया गया था। वे आए थे और हम सब ने उन्हे पहलोबार वहाँ देखा।

समय किस प्रकार परिवर्तन होता है, सब पुरानी बाते, इस समय याद आ रही है। जबकि साहू अशोक कुमार जी की बीमारी के कारण, सारा जैन समाज चिंतित है।

हमलोगो की शुभकामना है कि वे पूर्ण स्वास्थ लाभ करें और समाज का नेतृत्व करते रहे।

लेखक-सुबोध कुमार जैन

With effect from 1st Jan. 1996

The Sacred Books of the Jainas

(With Introduction & translation in English with original Commentary)

Vol I	DRAVYA SAMGRAHA by S C Ghoshal	Rs. 248-00
,, II	TATTVARTHADHIGAMA SUTRA by J. L Jaini	Rs. 177-00
,, III	PANCHASTIKAYA SARA by A. Chakravatinyanar	Rs. 196-00
,, IV	PURUSARTH SIDDHYUPAYA by Ajit Pd Jain	Rs. 108-00
,, V	GOMMAT-SARA JIVAKAND by J L Jaini	Rs. 316-00
, VI	GOMMAT-SARA-KARMAKAND (Pt.—I) by J L. Jaini	Rs 236-00
,, VII	ATMANUSHASAN by J L Jaini	Rs. 63-00
,, VIII	SAMAYASARA by J L Jaini	Rs 172-00
,, IX	NIYAM-SAR by V. Sainggar	Rs 70-00
,, X	GOMMAT-SARA-KARMAKAND (Pt —2) by Shital Pd	Rs 312-00
, XI	PARIKSAMUKHAM by S C Ghosal	Rs 212-00

Write to Xerox Publication Section

Dept. of Rare Books & Manuscripts

D. K. Jain Oriental Library Devashram ARA Bihar 802301

With effect from 1st. Jan. 1996

The Religious Scriptures of the Jainas

(With Introduction & translation in English)
in the Original Commentaty)

No	Title / Author		Price
1	GANITA-SARA -SAMGRAHA OF MAHAVIRACHARYA by M. Ranga Charya	Rs	378-00
2	NYAYAVATARA by S. C. Vidyabhushan	Rs.	43-00
3	PRAMATMA PRAKASH by C R Jain	Rs	75-00
4	DWADHANU PREKSHA by Shital Pd	Rs	127-00
5	RATNA KARAND SRAVAKACHARA by C R Jain	Rs	92-00
6	ATMA SIDHI by J L Jaini	Rs	84-00
7	THE NYAYAKARNIKA by M D. Desai	Rs	50-00
8	BHADRABAHU SAMHITA (Jainas Laws) by J L Jaini	Rs.	108-00
9	SANMATI TARKA by S L Sanghavi, B D Deshi	Rs.	309-00
10	JAIN LAW by C R. Jain	Rs	222-00

Consisting of —

I Bhadra Bahu Samhita
II Vardbamanu Niti
III Indranandi Jina Samhita
IV Arhan Niti
V Trivanikachar

Write to Xerox Publication Section
Dept. of Rare Books & Manuscripts
D. K. Jain Oriental Library, Devashram, ARA, Bihar 802301

33	THE SECRED PHILOSOPHY		
	by C R. Jain	Rs	26-00
34	SAPTBHANGIENYAYA		
	by Lala Kangmal	Rs.	26-00
35	AN INTRODUCTION TO JAINISM		
	by A B. Letthe M A	Rs.	96-00
36	SANYAS DHRMA		
	(A complement to householders Dharma)		
	by C R Jain	Rs.	127-00
37	OM NI SCIENCE		
	by C R. Jain	Rs.	16-00
38	HISTORICAL JAINISM		
	(A History of Jaina Church)		
	by Bool Chandra	Rs.	18-00
39	JAINA LITERATURE IN TAMIL		
	by Prof A C Chakraverty	Rs	63-00
40	ICONOGRAPHY OF THE JAINA GODESS SARASWATI		
	by Umakant P Shah	Rs.	34-00
41	COSMOLOGY OLD & NEW		
	A Modern Commentary on 5th Chapter of Thattvarth Satra		
	by C R Jain	Rs	205-00
42	RISHABH DEO, THE FOUNDER OF JAINISM		
	by C R Jain	Rs	64-00
43	LORD ARISTANEMIU		
	by H. Bhattacharya	Rs	68-00
44	SUBHACHANDRA AND HIS PRAKRIT GRAMMER		
	by A N Upadhya	Rs.	19-00
45	MS OF VARANGA CARITA		
	by A N Upadhya	Rs.	16-00
46	JAINISM CHRISTIANITY & SCIENCE		
	by C. R Jaini	Rs	156-00
47	THE BRIGHT ONES IN JAINISM (Svarga Loka)		
	by J L Jaini	Rs	18-00

Write to Xerox Publication Section
Dept. of Rare Books & Manuscripts
D K. Jain Oriental Library, Devashram, ARA, Bihar 802301

48	THE JAINA PUJA by C R. Jain	Rs	43-00
49	JAINA PENANCE by C R Jain	Rs	133-00
50	THE PRINCIPLES OF JAINISM by Dr. Shital Pd	Rs.	14-00
51	MAHAVIRA THE GREAT HERO by A S Sunavala	Rs	7-00
52	THE LIFTING OF VEIL OR THE GEMS OF ISLAM by C R Jain	Rs	142-00
53	MEDIAEVAL JAINISM by B A Saletere	Rs	319-00
54	SRAVAN BELGOLA by G. S. Mahinath	Rs	48-00
55	LIFE OF MAHAVIRA by M C Jaini	Rs.	85-00
56	MAHATMA GANDHI OF AHINSA by an Ahimsaist	Rs	26-00
57	JAINA PSYCHOLOGY by C R Jain	Rs	52-00
58	JAINISM & WORLD PROBLEM by C R Jain	Rs	171-00
59	JAINA LOGIC by C R Jain	Rs	26-00
60	THE NECTER OF SPRITUALISM by Sri Ganesh Pd Ji Varnsi	Rs	7-00
61	A LECTURE ON JAINISM by Banarasi Dass	Rs.	68-00
62	AN INSIGHT INTO JAINISM by R Dass	Rs	68-00
63	THE HERITAGE OF THE LAST ARHANT by Charlotle Krause	Rs	26-00

Write to Xerox Publication Section
Dept. of Rare Books & Manuscripts
D K. Jain Oriental Library, Devashram, ARA, Bihar 802301

With effect from 1st Jan. 1996

JAIN SIDHANT BHAWAN SERIES

1 मुनिसुव्रत काव्य (चरित्र) संस्कृत और भाषा टीका सहित । लेखक— प० के० भुजवली शास्त्री विद्याभूषण एवं प० हरनाथ द्विवेदी 30-00
2 ज्ञान प्रदीपिका तथा सामुद्रिकशास्त्र, भाषा टीका सहित स० प्रो० रामव्यास पाण्डेय, ज्योतिषाचार्य 24-00
3 प्रतिमा लेख संग्रह स० श्री कामता प्रसाद जैन, एम आर ए एस, 24-00
4 प्रशस्ति संग्रह(प्रथमभाग)स०प०के०भुजवली शास्त्रीविद्याभूषण 18-00
5 वैद्यसागर स० प० सत्यधर आयुर्वेदाचार्य काव्यतीर्थ 24-00
6 तिलोय पण्णती ((प्रथम भाग) स० डा० ए० एन० उपाध्ये
7 भवन की अंग्रेजी पुस्तकों की सूची 6-00
8 An Introduction of Jain Sidhant Bhawan
9 Rules and by-laws of Deva Kumar Jain Oriental Research Institute, Arrah
10 श्री जैन सिद्धान्त भास्कर लेख सूची 6-00
(भाग १ से ३० तक)
The Jaina Antiquary-Articles Index
(Part 1 to 30)
11 भारतीय दर्शन में सर्वज्ञ स्वरूप विमर्श:
जैन दर्शन के आलोक में—डा० लालचन्द जैन एम. ए. 12 00

NIRMAL PRAKASHAN SERIES

1 तीर्थङ्कर—डा० रामनाथ पाठक "प्रणयी" 12-00
2 प्रकाश दीप (जैन भक्ति पद संग्रह) स० सुबोध कुमार जैन 6-00
3 सोलह कारण भावनाओं की पूजा रूपान्तरकार श्री सुबोध कु०जैन 6 00
4 महामुनि सुदर्शन—श्रीमती प्रमिला जैन 6-00
5 ओंकार धुनिसार—सुबोध कुमार जैन 6-00
6 राष्ट्रीय एकता की भाषा हिन्दी (जैन सन्तों का योगदान) 6-00
लेखक सुबोध कुमार जैन
7 सम्राट कुमारपाल—सुबोध कुमार जैन 6-00
8 ध्यान कैसे करें—सुबोध कुमार जैन 6-00
9 कौशाम्बीगढ़ का इतिहास 6-00
10 श्री जैन सिद्धान्त भवन ग्रंथावली भाग I & II 235-00
11 सचित्र जैन रामायण 1400-00

जनता प्रिंटिंग प्रेस, आरा।

जा सामान्य ग्रहण वस्तुओ का
करत, नही आकार का,
अविशेष ज्ञान अर्थों का
दर्शन उस कह शास्त्रो मे (43)

दर्शन, ज्ञान के पूर्व ससारी जीवो के,
न दोनो उपयोग होत युगपत ।
पर कवलिनाथ के तो
दोनो ही होते युगपत (44)

अशुभ से विनिवृत्ति
शुभ मे प्रवृत्ति, यह जानो चारित्र ।
पर, व्यवहार नय स, व्रत-समिति गुप्ति
ऐसा जिनवर न कहा । (45)

बाह्य-अभ्यतर क्रिया के अवरोध
नष्ट करे ससार के कारणो को ।
ज्ञानी के, कहा, जिन प्रभु न,
परम सम्यक् चारित्र होता (46)

दोनो ही (निश्चय/व्यवहार) क्योकि मनि को मोक्ष हेतु
ध्यान म प्राप्त होत नियम स
अतएव तुम प्रयत्न-चित्त स
ध्यान का अभ्यास करो (47)

मत भरमो मत फसो मत द्वेष करो
इष्ट अनिष्ट वस्तु स ।
स्थिर ईच्छा जो चित्त म
विभिन्न ध्यान सिद्धि के लिए (48)

पैतीस सोलह, छ , पाँच,
चार दो एक को जपो-ध्याओ
परमेष्ठी वाचक व
अन्य गुरु उपदेशो को (49)

नष्ट चतुर्घातकम,
दर्शन सुख ज्ञान वीर्यमय
शुभ देह म शुद्ध आत्मा
अर्हन् का विचिन्तन करना (50)

अष्टकर्म-विदेही,
लोक-अलोक के ज्ञाता दृष्टा ।
पुरुषाकारी आत्मा (को)
ध्याओ, लोक शिखर स्थित (जो) (51)

दर्शन-ज्ञान-प्रधान,
वीर्य, चारित्र, उत्तमतप करे ।
अपने व पर को जाने (जनावे)
वह मुनि, आचार्य-रूप ध्याओ ।। (52)

जो रत्नत्रययुक्त
नित्य धर्मोपदश मे निरत ।
वह उपाध्याय आत्मा
यतिवर-व, नम उन्हे (53)

जो मुनि दर्शन-ज्ञान, समग्र
मोक्ष-मार्ग
साध सदा शुद्ध
वह मुनि साधु नमो उन्हे (54)

जो कुछ भी ध्याव निरीहवृत्ति म
जब साधु होता वह
प्राप्त कर एकत्व को
तब उसका वह निश्चय ध्यान (55)

मत करो, मत बोलो मत सोचो
ताकि उसम बनो स्थिर,
आत्मा, आत्मा म रह
यही परम, होता ध्यान (56)

तप श्रुत व्रतवान चेता
ध्यान रथ धुरधर होता जभी,
तभी तीनो म निरत,
उन्हे लब्ध हेतु मग्न रहता (57)

इस द्रव्य सग्रह को, मुनिनाथ,
जो श्रुतज्ञानपूर्ण, दोष-सचय-च्युत है
शुद्ध कर । इस अल्पज्ञानी-
नेमिचद मुनि न कथन किया (58)

समाप्त

"THE PANCHA PARMES-THIS"
The original painting available at
N K C K Jain Gallary of Art & Culture
Sri Jain Siddhant Bhawan, Arrrah